दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित
सिर्फ सच...




● नई दिल्ली। सोमवार 28 अप्रैल-2025 | ● वर्ष : 10 अंक : 128 पेज-08 | ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3




# 'मन की बात' में पीएम मोदी : आतंकवाद के खिलाफ पूरी दुनिया भारत के साथ




**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने 'मन की बात' कार्यक्रम में पहलगाम में हुए आतंकी हमले पर दुख जताते हुए कहा कि इससे मन में गहरी चोट लगी है। आतंकवादी के खिलाफ पूरी दुनिया भारत के साथ खड़ी है। साथ ही उन्होंने कहा, 'मैं पीड़ित परिवारों का फिर भरोसा देता हूं कि उन्हें न्याय मिलेगा। न्याय मिलकर रहेगा। इस हमले के दोषियों और साजिश रचने वालों को कठोरतम जवाब दिया जाएगा।'

पहलगाम हमने पर पीएम मोदी ने कहा, मन में गहरी पीड़ा है। 22 अप्रैल को पहलगाम में हुई आतंकी वारदात ने देश के हर नागरिक को दुख पहुंचाया है। पीड़ित परिवारों के प्रति हर भारतीय के मन में गहरी संवेदना है। भले ही वह किसी भी राज्य का हो, वह कोई भी भाषा बोलता हो, वह उन लोगों का दर्द महसूस कह रहा है, जिन्होंने इस हमले में अपने परिजनों को खोया है। मुझे अहसास है घर भारतीय का खून आतंकी हमले की तस्वीरों को देखकर खौल रहा है। पहलगाम में हुआ हमला आतंक के सरपरस्तों की हताशा को दिखाता है। उनकी कायरता को दिखाता है। ऐसे समय में जब कश्मीर में शांति लौट रही थी, स्कूल कॉलेज में एक वाइब्रेसी थी। लोकतंत्र मजबूत हो रहा था, पर्यटकों की संख्या में रेकॉर्ड बढ़ोतरी हो रही थी, देश और जम्मू कश्मीर के दुश्मनों को यह रास नहीं आया।'

कश्मीर को लेकर पीएम मोदी ने कहा, 'आतंकी और आतंक के आका चाहते हैं कि कश्मीर फिर से तबाह हो जाए, इसलिए इतनी बड़ी साजिश को अंजाम दिया। आतंकवाद के खिलाफ इस युद्ध में देश की एकता, 140 करोड़ भारतीयों की एकजुटता हमारी सबसे बड़ी ताकत है। यही एकता आतंकवाद के खिलाफ हमारी निर्णायक लड़ाई का आधार है। हमें अपने संकल्पों को मजबूत करना है। हमें एक राष्ट्र के रूप में दृढ़ इच्छाशक्ति का प्रदर्शन करना है। आज दुनिया देख रही है कि इस आतंकी हमले के बाद पूरा देश एक स्वर में बोल रहा है। इस आतंकी हमले के बाद लगातार दुनियाभर से संवेदनाएं आ रही हैं।'

भारत के लोगों में जो आक्रोश है, वो आक्रोश पूरी दुनिया में है। इस आतंकी हमले के बाद लगातार दुनिया भर से शेष, पृष्ठ 2

# नगर निगम सभागार में आज दो महत्वपूर्ण विषयों पर होगी बैठक

## पहलगाम आतंकी हमले की निंदा एवं श्रद्धांजलि सभा और एक राष्ट्र- एक चुनाव पर आएगा प्रस्ताव और होगी चर्चा





### सभी पार्षदों और अधिकारियों को किया गया है आमंत्रित

**गाजियाबाद ,करंट क्राइम :** इन दिनों पूरे देश में पहलगाम में हुए आतंकी हमले की निंदा और पाकिस्तान के खिलाफ लोगों का गुस्सा नजर आ रहा है। तो वहीं नगर निगम गाजियाबाद के सभागार में सोमवार को सुबह 11 बजे से दो महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई हैं। अपर नगर आयुक्त द्वारा सभी पार्षदों और नगर निगम के अधिकारियों को बैठक के लिए आमंत्रित किया गया है। बताया जा रहा है की बैठक का मुख्य विषय पहलगाम में हुए आतंकी हमले की निंदा एवं श्रद्धांजलि सभा है। इसके साथ ही एक राष्ट्र- एक चुनाव के प्रस्ताव पर विचार किया जाएगा । इसमें सभी की राय व प्रस्ताव भी पास होगा। जिसमें नगर निगम के पार्षदों की भी राय भी ली जाएगी। साथ ही इस महत्वपूर्ण विषय पर महापौर सुनीता दयाल और अन्य नगर निगम के अधिकारी अपनी राय देंगे। वहीं एक राष्ट्र-एक चुनाव विषय पर इसके फायदे गिनवाए जाने के साथ ही जिस तरीके से पाकिस्तान द्वारा लगातार भारत को धमकी दी जा रही है, उसको लेकर भी निंदा की जाएगी।

### श्रद्धांजलि सभा का भी होगा आयोजन

करंट क्राइम : नगर निगम गाजियाबाद के सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए 26 लोगों की निर्मम हत्या के विषय को लेकर सभी पार्षदों के द्वारा अपने विचार रखेंगे। तो वहीं श्रद्धांजलि सभा भी आयोजित की जाएगी ।जिसमें इस हमले में मारे गए लोगों की आत्मा की शांति के लिए मौन रखा जाएगा और उनको पुष्पांजलि अर्पित की जाएगी।

### एक राष्ट्र-एक चुनाव का मुद्दा भी उठेगा




करंट क्राइम : नगर निगम गाजियाबाद के सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सुबह 11 बजे सोमवार को जो बैठक आयोजित की गई है, उसमें एक राष्ट्र-एक चुनाव के प्रस्ताव पर विचार किया जाएगा। नगर निगम के सदन में होने वाली इस बैठक में नगर आयुक्त भी उपस्थित होंगे, तो वहीं महापौर सुनीता दयाल की उपस्थिति में इन दोनों महत्वपूर्ण विषयों पर सदन के सामने बातचीत एवं चर्चा होगी। बता दें कि इन दिनों देशभर में एक राष्ट्र-एक चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी भी कार्यक्रम आयोजित कर रही है। तो वहीं केंद्र सरकार भी इस विषय को लेकर गंभीरता से आगे बढ़ाने का काम कर रही है। कहा जा रहा है कि नगर निगम गाजियाबाद के सभागार में दोनों विषयों पर चर्चा होगी।

# कमिश्नरेट के तीनों जोन में बढ़ेगी बीट पुलिसिंग डीसीपी सिटी ने बैठक कर बनाई कार्य योजना

### - पुलिस कमिश्नर रे रविदंर गौड़ के निर्देशों का होने लगा है असर



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** गाजियाबाद के नए पुलिस कमिश्नर के आदेश और निर्देशों का असर होने लगा है। रविवार को डीसीपी सिटी जोन राजेश कुमार ने सभी थाना प्रभारियों के साथ मिलकर एक बैठक की है।



जिसमें कमिश्नरेट सिस्टम के सिटी जोन से लेकर अन्य जोन में जल्द ही बीट पुलिसिंग को लेकर जो बदलाव और महत्वपूर्ण कार्य किए जाने हैं, उसके निर्देश दिए गए हैं। इसके साथ ही कई थानाक्षेत्रों में बीट व्यवस्था बढ़ाने और कुछ पुरानी बीट हटाकर नई बीट शुरू करने पर भी चर्चा की गई है। बताया जा रहा है आने वाले कुछ ही दिनों में बीट पुलिसिंग का पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद का पूरा चार्ट तैयार हो जाएगा, जिसके आधार पर बीट पुलिसिंग की व्यवस्था में सुधार और बदलाव देखने को मिलेगा। वहीं पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड़ ने बीट पुलिसिंग को लेकर सुधार व आश्यक निर्देश पहली ही बैठक में दे दिए थे।

### चुने जाएंगे कई बीट के लिए नए सिपाही, स्मार्ट वर्किंग वालों पर रहेगा फोकस

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड़ के निर्देश पर गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट में बीट पुलिसिंग को मजबूती के साथ लागू करने का अभियान शुरू हो चुका है। इसके तहत रविवार को सिटी जोन में पूरी मीटिंग की गई है। तो वही आने वाले दिनों में देहात और ट्रांस हिंडन में भी इसको लेकर आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। अधिकारियों द्वारा निर्देशित किया गया है की बीट पर तैनात किए जाने वाले पुलिसकर्मी गुड वर्किंग वाले लगाए जाएं। साथ ही वह बेहतर परिणाम दें, इसका भी ध्यान रखा जाएगा। साथ ही कई बीट पर नए पुलिसकर्मियों को भी चुना जाएगा।

### बीट के सिपाहियों की रेंडम होगी जांच



करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के वरिष्ठ अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार एक बार बीट व्यवस्था और बीट पुलिसिंग का शुभारंभ बेहतर ढंग से किए जाने के बाद समय-समय पर एसीपी ,डीसीपी, एडिशनल सीपी से लेकर पुलिस कमिश्नर स्तर के अधिकारी बीट कांस्टेबलों की रेंडम चेकिंग करेंगे। उनके बीट रजिस्टर से लेकर उनकी परफॉर्मेंस की जांच की जाएगी। साथ ही उनकी अगर शिकायत मिलती है,तो उनपर भी तत्काल संज्ञान लेकर कार्रवाई होगी। बीट पुलिसिंग व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए पुलिस कमिश्नरेट में इन दिनों नए प्रयास और इंतजाम चल रहे हैं। जो आने वाले दिनों में कितने सफल होंगे देखना होगा।

# पूर्व पार्षद राजेंद्र त्यागी ने फिर उठाया टैक्स बढ़ोत्तरी और टैक्स में छूट न दिए जाने का मुद्दा

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** बीते दिनों नगर निगम के पूर्व पार्षदों और भाजपा के ही पदाधिकारियों ने नगर निगम के अधिकारियों और नगर निगम के खिलाफ मोर्चा खोला था। जिसमें पूर्व सीनियर पार्षद राजेंद्र त्यागी, अनिल स्वामी, हिमांशु मित्तल, हिमांशु लव सहित राज नगर रेजीडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने नगर निगम की मनमानी और टैक्स मनमाने ढंग से लगाने का विरोध किया था। साथ ही इस लड़ाई को भाजपा के विधायकों, मंत्रियों, सांसद के सामने ले जाने की बात कही थी लेकिन इस मामले का अभी कोई हल और असर होता नजर नहीं आ रहा है। जिसको लेकर दोबारा से पूर्व पार्षद राजेंद्र त्यागी ने नगर निगम के द्वारा गाजियाबाद में सर्वाधिक टैक्स वसूली के मुद्दे को उठाया है। उन्होंने कहा है कि मेरठ, सहारनपुर, आगरा, मथुरा, अलीगढ़ में गाजियाबाद से कम टैक्स वसूला जा रहा है जबकि गाजियाबाद में नगर निगम मनमानी करते हुए सार्वाधिक टैक्स वसूला जा रहा है।




### पुराने भवनों की छूट पर क्यों नहीं दिया जा रहा ध्यान : राजेंद्र त्यागी

करंट क्राइम : नगर निगम के पूर्व पार्षद और भाजपा के वरिष्ठ नेता राजेंद्र त्यागी ने कहा है कि धारा-174 2के की व्यवस्था है, जिसमें भूमि स्वामी को छूट मिली चाहिए। उन्होंने कहा है कि एक से 10 वर्ष अधिक पुराने भवनों पर 25% की छूट मिलनी चाहिए। तो 10 से 20 वर्ष पुराने में 32.5% की छूट का प्रावधान है। तो वहीं 20 वर्ष से अधिक पुराना जो मकान है, उसमें 40% छूट दी जानी चाहिए जबकि नगर निगम के अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं और ना इसका लाभ जनता को मिल पा रहा है। पूर्व पार्षद राजेंद्र त्यागी ने फिर चेतावनी दी है कि अगर जनप्रतिनिधियों और नगर निगम ने इस पूरे मामले को गंभीरता से नहीं लिया, तो वह इसके लिए जनआंदोलन करने के साथ ही कोर्ट का भी रूख करेंगे। इसके लिए कई पूर्व पार्षदों व भाजपा नेताओं ने अपनी ओर से तैयारी शुरु कर दी है।

### प्रदेश के कई शहरों का प्रस्तुत किया गया है डाटा

करंट क्राइम : नगर निगम के पूर्व पार्षद और वरिष्ठ भाजपा नेता राजेंद्र त्यागी ने कहा है कि उत्तर प्रदेश में मेरठ नगर निगम में संपत्ति करों का अधिकतम रेट 1.80 प्रति वर्ग फुट है। तो नगर निगम आगरा में अधिकतम रेट 1.50 प्रति वर्ग फुट, मथुरा नगर निगम में अधिकतम रेट 1.40 रुपए प्रति वर्ग फुट, अलीगढ़ में अधिकतम रेट 1.90 प्रति वर्ग फुट है। वहीं प्रयागराज नगर निगम का अधिकतम रेट 2.80 प्रति वर्ग फुट, सहारनपुर नगर निगम का अधिकतम रेट 2.40 प्रति वर्ग फुट तो वहीं गाजियाबाद नगर निगम में अधिकतम रेट उत्तर प्रदेश में सर्वाधिक चार रुपए प्रति वर्ष वर्ग फुट निश्चित क्यों किया गया है, अधिकारियों और नगर निगम के जिम्मेदारों को यह जनता को बताना चाहिए।

# हरनंदीपुरम योजना में शामिल होंगे दो चरण में 8 प्रमुख गांव बनी सहमति तो बदलेगी किसानों की तकदीर और इलाकों की तस्वीर

### जल्द बोर्ड बैठक में रखा जा सकता है प्रस्ताव

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण अपनी हरनंदीपुरम योजना को विस्तार देने के लिए भूमि जुटाने के लिए आपसी समझौते और किसानों से बातचीत के लिए प्रयास कर रहा है। तो वहीं गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के सूत्रों से जानकारी मिली है कि हरनंदीपुरम योजना को विस्तार देने के लिए जल्द ही दो चरणों में कुल आठ गांव की हजारों हेक्टेयर भूमि को लेकर बड़ा फैसला दिया जा सकता है। सूत्रों से जानकारी मिली है कि दो चरणों में हरनंदीपुरम योजना के तहत मथुरापुर, शमशेर, चंपतनगर, भनेड़ा खुर्द ,नंगला फिरोज मोहनपुर के साथ ही भोवापुर, शाहपुर निजामोरटा और मोरटा गांव की जमीन को अधिग्रहण कर सकता है। जिसके तहत पूरी नियमावली और कानूनी प्रक्रिया का इस्तेमाल किया





जाएगा ताकि किसानों का विरोध ना हो और उनको उचित धनराशि देकर यहां का विकास कराया जा सके। उधर गाजियाबाद विकास प्राधिकरण की योजना है कि इन गांव की जमीन लेने के बाद यहां विकास किया जाए, जिससे तस्वीर बदले तो वहीं किसानों के हक में फैसला हो ताकि उनकी भी तकदीर बदलने का काम हो सके। इस प्रस्ताव को विकास की दृष्टि और गाजियाबाद विकास प्राधिकरण की नजर से बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

### आपसी सहमति के आधार पर हो भूमि क्रय बनाई गई है टीम



करंट क्राइम : गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार हरनंदीपुरम की योजना में जिन आठ गांवों को शामिल किया जाना है, उसके लिए भू धारकों से आपसी सहमति के आधार पर भूमि क्रय करने के लिए एक टीम का भी गठन किया गया है। जिसकी अध्यक्षता जिलाधिकारी की रहेगी। तो वहीं सदस्य के रूप में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व जिला रजिस्ट्रार, तो वहीं उपाध्यक्ष प्राधिकरण आवास आयुक्त उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद, संबंधित अपर जिलाधिकारी भू अधिग्रहण विशेष भूमि अध्यापित अधिकारी एवं उप भूमि अध्यापित अधिकारी को भी सदस्य बनाया गया है। इसके साथ ही संबंधित उप जिलाधिकारी परियोजना प्रशासक, नामित नोडल अधिकारी संबंधित सब रजिस्ट्रार उप महान निरीक्षक स्टांप एवं निबंधन सहायक महान निरीक्षक स्टांप एवं निबंधन को भी सदस्य के रूप में रखा गया है। वहीं सदस्य सचिव के रूप में सचिव विकास प्राधिकरण आवास आयुक्त द्वारा नामित संयुक्त आवास आयुक्त से अंतिम स्तर के अधिकारी को इस टीम में शामिल किया गया है। जो भू धारकों से आपसी सहमति के आधार पर इस पूरी प्रक्रिया का समाधान निकलवा सके।

### 23 अरब से अधिक की धनराशि की पड़ेगी आवश्यकता

करंट क्राइम : हरनंदीपुरम नई आवासीय योजना के तहत जब इन सभी आठ गांवों को जोड़ा जाना हैं, जिसके लिए दो चरण निर्धारित किए जाने की जानकारी मिली है। तो बताया जा रहा है कि उपयुक्त भूमि को क्रय करने के लिए कुल 23 अरब 84 करोड़ रुपए से अधिक की कीमत की आवश्यकता पड़ेगी। इसके लिए इस टीम के सभी अधिकारियों को किसानों से बैठकर कई बार वार्ता करनी पड़ सकती है। तो कई महत्वपूर्ण विषयों पर सहमति भी बनानी होगी। कुल मिलाकर यह एक बड़ी योजना की बड़ी डील होगी जो बेहद महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

**बताया जा रहा है कि उपयुक्त भूमि को क्रय करने के लिए कुल 23 अरब 84 करोड़ रुपए से अधिक की कीमत की आवश्यकता पड़ेगी।**

### इन बातों का भी रहेगा महत्वपूर्ण स्थान

करंट क्राइम : गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार हरनंदीपुरम आवासीय योजना में आपसी सहमति के आधार पर योजना के सफल क्रियान्वयन के लिए 10% विकसित भूखंड निशुल्क ना देकर चार गुना प्रतिकर के भीतर वह धनराशि में समाहित करते हुए विकसित भूखंड का प्रावधान किया जाएगा। साथ ही आबादी के लिए भूमि आवंटन की न्यूनतम सीमा 40 वर्ग मीटर और अधिकतम सीमा 1.5 एकड़ के आधार पर एक खातेदार के पास 5000 वर्ग मीटर होगी। इसके साथ ही कई अन्य और महत्वपूर्ण विषय और समझौतों पर भी सहमति की जाएगी।

# पहलगाम हमले पर 'मन की बात' में बोले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी
# हर भारतीय का खून खौल रहा, आतंक के खिलाफ पूरा देश एक...

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को अपने रेडिया कार्यक्रम 'मन की बात' के 121वें एपिसोड के जरिए देश को संबोधित किया। उन्होंने जम्मू-कश्मीर में अनंतनाग जिले के पहलगाम के ऊपरी इलाकों में स्थित लोकप्रिय पर्यटन स्थल बैसरन में मंगलवार को हुए आतंकी हमले का जिक्र किया। प्रधानमंत्री ने वैज्ञानिक और इसरो के पूर्व प्रमुख के कस्तूरीरंगन को भी श्रद्धांजलि दी।

पीएम मोदी ने कहा कि दो दिन पहले हमने देश के महान वैज्ञानिक डॉ. के. कस्तूरीरंगन जी को खो दिया है। जब भी कस्तूरीरंगन जी से मुलाकात हुई, हम भारत के युवाओं की प्रतिभा, आधुनिक शिक्षा, अंतरिक्ष विज्ञान ऐसे विषयों पर काफी चर्चा करते थे। विज्ञान, शिक्षा और भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम को नई ऊंचाई देने में उनके योगदान को हमेशा याद किया जाएगा। उनके नेतृत्व में क्रप्फ्ड को एक नई पहचान मिली।

उन्होंने कहा कि डॉ. के. कस्तूरीरंगन जी ने देश की नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति तैयार करने में भी बहुत बड़ी भूमिका निभाई थी। डॉ० कस्तूरीरंगन, 21वीं सदी की आधुनिक जरूरतों के मुताबिक दूरगामी शिक्षा का विचार लेकर आए थे। देश की निःस्वार्थ सेवा और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान को हमेशा याद किया जाएगा।

पीएम मोदी ने कहा कि आज भारत एक वैश्विक अंतरिक्ष पावर बन चुका है। हमने एक साथ 104 सैटेलाइट का लॉन्च करके रिकॉर्ड बनाया है। हम चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर पहुंचने वाले पहले देश बने हैं। भारत ने मंगल ऑर्बिटर मिशन का प्रक्षेपण किया है और हम आदित्य - एल1 मिशन के जरिए सूरज के काफी करीब तक पहुंचे हैं। आज भारत पूरी दुनिया में सबसे ज्यादा प्रभावी लागत लेकिन सफल अंतरिक्ष कार्यक्रम का नेतृत्व कर रहा है। दुनिया के कई देश अपनी सैटेलाइट और अंतरिक्ष मिशन के लिए क्रप्फ्ड की मदद लेते हैं।

उन्होंने कहा कि अब भारत ने अपने अंतरिक्ष सेक्टर को निजी सेक्टर के लिए भी खोल दिया है। आज बहुत से युवा अंतरिक्ष स्टार्टअप में नए झंडे लहरा रहे हैं। 10 साल पहले इस क्षेत्र में सिर्फ एक कंपनी थी, लेकिन आज देश में सवा तीन सौ से ज्यादा अंतरिक्ष स्टार्टअप काम कर रहे हैं। आने वाला समय अंतरिक्ष में बहुत सारी नई संभावनाएं लेकर आ रहा है।




## आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारतीयों की एकजुटता देश की सबसे बड़ी ताकत

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को दोहराया कि पहलगाम आतंकी हमले के पीछे के आतंकवादियों और साजिश में शामिल लोगों को कड़ी से कड़ी सजा दी जाएगी। उन्होंने कहा कि पीड़ितों को न्याय मिलेगा। रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' में पीएम मोदी ने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारतीयों की एकजुटता देश की सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने कहा, 'दुनिया देख रही है कि भारत इस हमले के खिलाफ एक स्वर में बोल रहा है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि यह एकता आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक लड़ाई का सबसे बड़ा आधार है। उन्होंने कहा कि चाहे कोई किसी भी राज्य में रहता हो और कोई भी भाषा बोलता हो, सभी को पीड़ितों के परिवारों के प्रति गहरी संवेदना है।'

पीएम मोदी ने कहा कि पिछले महीने म्यांमार में आए भूकंप की खौफनाक तस्वीरें आपने जरूर देखी होंगी। भूकंप से वहां बहुत बड़ी तबाही आई, मलबे में फंसे लोगों के लिए एक-एक सांस, एक-एक पल कीमती था। इसलिए भारत ने म्यांमार के हमारे भाई-बहनों के लिए तुरंत ऑपरेशन ब्रह्मा शुरू किया। वायुसेना के विमान से लेकर नौसेना के जहाज तक म्यांमार की मदद के लिए रवाना हो गए। वहां भारतीय टीम ने एक अस्पताल तैयार किया। इंजीनियरों की एक टीम ने अहम इमारतों और इंफ्रास्ट्रक्चर को हुए नुकसान का आकलन करने में मदद की। भारतीय टीम ने वहां कंबल, टेंट, स्लीपिंग बैग, दवाइयां, खाने-पीने के सामान के साथ ही और भी बहुत सारी चीजों की आपूर्ति की। इस दौरान भारतीय टीम को वहाँ के लोगों से बहुत सारी तारीफ भी मिली।

उन्होंने कहा कि मुझे अफ्रीका के इथोपिया में प्रवासी भारतीयों के एक अभिनव प्रयास का पता चला है। इथोपिया में रहने वाले भारतीयों ने ऐसे बच्चों को इलाज के लिए भारत भेजने की पहल की है, जो जन्म से ही हृदय की बीमारी से पीड़ित हैं। ऐसे बहुत से बच्चों की भारतीय परिवारों द्वारा आर्थिक मदद भी की जा रही है। अगर किसी बच्चे का परिवार पैसे की वजह से भारत आने में असमर्थ है, तो इसका भी इंतजाम, हमारे भारतीय भाई-बहन कर रहे हैं। कोशिश ये है कि गंभीर बीमारी से जूझ रहे इथोपिया के हर जरुरतमन्द बच्चे को बेहतर इलाज मिले। प्रवासी भारतीयों के इस नेक कार्य को इथोपिया में भरपूर सराहना मिल रही है। कुछ ही दिन पहले भारत ने अफगानिस्तान के लोगों के लिए बड़ी मात्रा में वैक्सीन भी भेजी है। ये वैक्सीन, रेबीज, टिटनेस, हेपेटाइटिस बी और इंफ्लुएंजा जैसी खतरनाक बीमारियों से बचाव में काम आएगी। भारत ने इसी हफ्ते नेपाल के आग्रह पर वहां दवाईयां और वैक्सीन की बड़ी खेप भेजी है। इनसे थैलेसेमिया और सिकल सेल डिसीज के मरीजों को बेहतर इलाज सुनिश्चित होगा। जब भी मानवता की सेवा की बात आती है, तो भारत, हमेशा इसमें आगे रहता है और भविष्य में भी ऐसी हर जरूरत में हमेशा आगे रहेगा।

प्रधानमंत्री ने कहा कि किसी भी प्राकृतिक आपदा से निपटने में बहुत अहम होती है -आपकी सतर्कता, आपका सचेत रहना। इस सतर्कता में अब आपको अपने मोबाइल के एक स्पेशल एप से मदद मिल सकती है। ये एप आपको किसी प्राकृतिक आपदा में फंसने से बचा सकते हैं और इसका नाम भी है 'सचेत'। 'सचेत एप', भारत की राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने तैयार किया है।

## मैं पीड़ित परिवारों को फिर भरोसा देता हूं कि उन्हें न्याय मिलेगा, न्याय मिलकर रहेगा : पीएम मोदी

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, मन में गहरी पीड़ा है। 22 अप्रैल को पहलगाम में हुई आतंकी वारदात ने देश के हर नागरिक को दुख पहुंचाया है। पीड़ित परिवारों के प्रति हर भारतीय के मन में गहरी संवेदना है। भले वो किसी भी राज्य का हो, वो कोई भी भाषा बोलता हो, लेकिन वो उन लोगों के दर्द को महसूस कर रहा है, जिन्होंने इस हमले में अपने परिजनों को खोया है। मुझे ऐहसास है, हर भारतीय का खून, आतंकी हमले की तस्वीरों को देखकर खौल रहा है।' उन्होंने कहा कि पहलगाम में हुआ ये हमला, आतंक के सरपरस्तों की हताशा को दिखाता है, उनकी कायरता को दिखाता है। ऐसे समय में जब कश्मीर में शांति लौट रही थी, स्कूल-कॉलेजों में एक चहलपहल थी, निर्माण कार्यों में अभूतपूर्व गति आई थी, लोकतंत्र मजबूत हो रहा था, पर्यटकों की संख्या में रिकॉर्ड बढ़ोतरी हो रही थी, लोगों की कमाई बढ़ रही थी, युवाओं के लिए नए अवसर तैयार हो रहे थे। देश के दुश्मनों को, जम्मू-कश्मीर के दुश्मनों को, ये रास नहीं आया। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत के हम लोगों में जो आक्रोश है, वो आक्रोश पूरी दुनिया में है। इस आतंकी हमले के बाद लगातार दुनिया भर से संवेदनाएं आ रही हैं। मुझे भी वैश्विक नेताओं ने फोन किए हैं, पत्र लिखे हैं, संदेश भेजे हैं। इस जघन्य तरीके से किए गए आतंकी हमले की सब ने कठोर निंदा की है। उन्होंने मृतकों के परिवारजनों के प्रति संवेदनाएं प्रकट की हैं। पूरा विश्व, आतंकवाद के खिलाफ हमारी लड़ाई में, 140 करोड़ भारतीयों के साथ खड़ा है। मैं पीड़ित परिवारों को फिर भरोसा देता हूं कि उन्हें न्याय मिलेगा, न्याय मिलकर रहेगा। इस हमले के दोषियों और साजिश रचने वालों को कठोरतम जवाब दिया जाएगा।

# पावन चिंतन धारा आश्रम के साधकों ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में किया आक्रोश प्रदर्शन



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** पहलगाम में हुए आतंकी हमले से व्यथित पावन चिंतन धारा आश्रम के संस्थापक और राष्ट्रवादी चिंतक डॉ. पवन सिन्हा 'गुरुजी' ने मुरादनगर पर रविवार को आश्रम साधको संग आक्रोश प्रदर्शन किया तथा पाकिस्तान का झंडा एवं पुतला फूंका गया। इस अवसर पर भारी संख्या में देशभक्त एकत्रित हुए। गौरतलब है पावन चिंतन धारा आश्रम के सदस्यों द्वारा देश के 30 से भी अधिक शहरों में एक साथ ऐसा आक्रोश प्रदर्शन किया गया।

प्रदर्शन में आक्रोशित जनसमूह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि 27 निर्दोषों की नृशंस हत्या कि मैं कठोर निंदा करता हूँ। प्रभु उन आत्माओं को शांति दें, उनके परिजनों को धैर्य दें और घायलों को शीघ्र स्वास्थ्य लाभ प्रदान करें। उन्होंने कहा कि जिन्दा वही है जिसके हृदय में देशभक्ति जिन्दा है बाकि तो सब मृतप्राय हैं, पशुवत जीवन जीते हैं। इसलिए देश के लिए खडे होना सीखें। मुर्शिदाबाद और अब कश्मीर की घटनाओं ने स्पष्ट कर दिया है कि हिन्दू समाज किस प्रकार अपने ही देश में असुरक्षित है। यह भी सोचने का विषय कि हम कैसे इन आतंकियों का समय रहते पता नहीं लगा पाए? चाहे वे पाकिस्तान से आए हों या हमारे बीच छिपे हुए हों।

गुरुजी ने युवाओं पर चिंता जताते हुए कहा कि आज का युवा नशे और भ्रमित संबंधों में व्यस्त है, देश सेवा का भाव दुर्लभ हो गया है। अंत में उन्होंने अपील की कि इस जघन्य कृत्य की भर्त्सना हर वर्ग, विशेषकर मुस्लिम समाज द्वारा भी होनी चाहिए, क्योंकि जान देने वाले लोग भी इस देश के नागरिक थे। आक्रोश प्रकट करते हुए आश्रम की खुशी गुप्ता ने कहा कि जब हमारी आस्था पर चोट होती है, जब हमारे मंदिर गिराए जाते हैं, जब हमारे बच्चों के सिरों पर पत्थर बरसते हैं। तब भी हम चुप क्यूँ रहते हैं? साथ ही उद्वेलित मन से देवब्रत शर्मा ने कहा यह पाकिस्तान भी हमारी



ही भूमि पर बना है, क्यूंकि हमने लड़ना छोड़ दिया। ऐसी देशविरोधी ताकतें आगे भारत को भी खत्म कर देंगी अगर हम लड़ें नहीं।

युवा अभ्युदय मिशन के रोहित अरोड़ा और सुहानी सिंह ने दुःख प्रकट करते हुए कहा कि आजादी के समय से हम पर अत्याचार हो रहें हैं, डर बनाने की कोशिश की जा रही है और ये सफल भी हो रही है, क्योंकि सनातनी सोया हुआ है, पर अब और नहीं। इस अवसर पर गुरु माँ डॉ. कविता अस्थाना, बॉबी त्यागी, गुलशन राजपूत सहित शहर के गणमान्य एवं आश्रम के अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

# साजिश नाकाम: कुपवाड़ा में हथियारों का जखीरा बरामद




**कुपवाड़ा।** आतंकियों ने बड़ी तैयारी के साथ घुसपैठ की है। कुपवाड़ा के मच्छिल सेक्टर में आतंकी ठिकाने से शनिवार को बरामद हुईं पांच एके-47 राइफलों, पिस्तौल और एके-47 व अमेरिकी एम-4 कार्बाइन असॉल्ट राइफल की गोलियों के जखीरे इसकी पुष्टि करते हैं। पिछले महीने कठुआ जिले के सुफैन में मुठभेड़ के दौरान घंटों हुई गोलीबारी ने यह संकेत दे दिया था कि घुसपैठ करने वाले आतंकियों के पास बड़े पैमाने पर हथियार और गोला बारूद है।

**आतंकियों के मंसूबे पर फेरा पानी :** पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि उत्तरी कश्मीर के सीमांत जिले कुपवाड़ा में आतंकवादियों के नापाक मंसूबों पर पानी फेरते हुए सुरक्षाबलों ने एक संयुक्त कार्रवाई में आतंकवादियों के एक ठिकाने का भंडाफोड़ किया। उन्होंने बताया कि पुख्ता सूचना पर पुलिस के स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) और सेना की 12 सिखली इकाई ने मच्छिल सेक्टर में समशा बेहक वन क्षेत्र में तलाशी अभियान शुरू किया। सेडोरी नाले के आतंकवादी ठिकाने का पता चला। यहां से हुई हथियारों की बरामदगी सुरक्षाबलों के लिए महत्वपूर्ण सफलता है।

पांच एके-47 राइफलें, एके-47 राइफल की आठ मैगजीन, एक पिस्तौल, पिस्तौल की एक मैगजीन, एके-47 के 660 गोलियां, पिस्तौल की गोलियां और एम4 कार्बाइन असॉल्ट राइफल की 50 गोलियां बरामद हुईं।

सुफैन के बाद किश्तवाड़ में हुई मुठभेड़ में साफ हुआ था कि आतंकी अमेरिकी एम-4 असॉल्ट राइफल का स्नाइपर हमले के लिए इस्तेमाल कर रहे हैं। इन राइफलों पर स्नाइपर हमले में इस्तेमाल होने वाले उपकरण लगे पाए गए थे। नई बरामदगी से साफ है कि आतंकियों की हर टोली में स्नाइपर शामिल हैं।

## पाकिस्तान के रेल मंत्री ने भारत को दी गीदभभकी

# अगर पानी बंद किया तो हमारे पास 130 परमाणु हथियार तैयार हैं...



**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ कड़ा रुख अपनाते हुए सिंधु जल संधि को निलंबित करने का ऐलान किया है। इस फैसले से पाकिस्तान में हड़कंप मच गया है और उसके नेता लगातार भड़काऊ बयान दे रहे हैं। अब पाकिस्तान के रेल मंत्री हनीफ अब्बासी ने भारत को खुलेआम परमाणु हमले की धमकी दी है।

रावलपिंडी में प्रेस कांफ्रेंस के दौरान हनीफ अब्बासी ने कहा, ह्लअगर भारत ने पाकिस्तान का पानी रोका, तो हम उसे मुंहतोड़ जवाब देंगे। हमारी सभी मिसाइलों का रुख भारत की ओर है। हमारे पास गोरी, शाहीन, गजनवी जैसी मिसाइलें और 130 परमाणु हथियार सिर्फ भारत के लिए तैयार हैं।ह्व अब्बासी ने दावा किया कि पाकिस्तान के पास दुनिया के सबसे शक्तिशाली परमाणु बम हैं और देश ने कूटनीतिक प्रयासों के साथ-साथ सीमाओं की रक्षा के लिए भी पूरी तैयारी कर ली है। उन्होंने आरोप लगाया कि पहलगाम हमला तो बस एक बहाना है, असली मकसद भारत का सिंधु जल संधि पर दबाव बनाना है।

पाकिस्तान में यह पहली बार नहीं है जब नेताओं ने भारत के खिलाफ भड़काऊ बयान दिए हैं। इससे पहले प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ, विदेश मंत्री इशाक डार और पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो भी भारत को परमाणु युद्ध की धमकी दे चुके हैं। बिलावल भुट्टो ने तो यहां तक कहा था कि ह्लसिंधु दरिया में या तो हमारा पानी बहेगा या भारतीयों का खून।ह्व भारत ने साफ कर दिया है कि किसी भी तरह की धमकी या दबाव में नहीं आएगा और अपनी संप्रभुता की रक्षा के लिए हर कदम उठाएगा।

# इंदिरापुरम में ऋषभदेव जैन मंदिर में धूमधाम से निकली शोभायात्रा



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** इंदिरापुरम स्थित श्री ऋषभदेव जैन मंदिर द्वारा आज दसवां वार्षिक रथयात्रा महोत्सव का आयोजित किया गया। इस अवसर पर इंदिरापुरम, वसुंधरा, वैशाली, सिद्धार्थ विहार तथा राजनगर सहित आसपास के क्षेत्रों से सैकड़ों श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रथयात्रा में आकर्षक घोड़ा-बग्घी, विभिन्न धार्मिक झांकियों के साथ-साथ हाल ही में पहलगाम में घटित दुर्घटना के पीड़ितों को समर्पित एक श्रद्धांजलि झांकी भी प्रस्तुत की गई। दिल्ली और गाजियाबाद के विख्यात बैंड द्वारा देशभक्ति गीतों की मनमोहक प्रस्तुतियाँ भी दी गईं। यात्रा का शुभारंभ अहिंसा खंड स्थित जैन मंदिर से हुआ, जो डीपीएस, पिनेकल, शांति गोपाल होते हुए आशियाना उपवन के सामने से गुजरते हुए पुनः मंदिर परिसर में सम्पन्न हुई। मार्ग में कई स्थानों पर श्रद्धालुओं ने दीपकों से आरती कर रथयात्रा का भव्य स्वागत किया।

वार्ड 98 के पार्षद डॉ अनिल तोमर ने भी अपने कार्यालय के समक्ष रथयात्रा में भाग ले रहे जैन समाज के सदस्यों का स्वागत और सत्कार किया। इस अवसर पर साकेत जैन, नवीन जैन, संदीप, सुमित, मोहित, सुनील पाटनी, अरविंद, विश्वदीप आदि लोग मौजूद रहे।

# पहलगाम में मारे गए लोगों के लिए सिकंदरपुर निवासियों ने की प्रार्थना



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** रविवार शाम 5:30 बजे ग्रीन वैली फार्म हाउस बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ पर सिकंदरपुर निवासी सभी हिंदू भाई एकत्रित हो जो पहलगाम कश्मीर में निर्दोष हिंदुओं की निर्मम हत्या पाकिस्तान आतंकवादियों द्वारा कि गई है जिस का हम विरोध करते हैं। भारत सरकार को आश्वस्त करते हैं कि पूरा देश आप के साथ है। इन सभी हिन्दुओं भाइयों की आत्माओं कि शान्ति के लिए सभी सिकंदरपुर निवासी विनम्र श्रद्धांजलि देने के लिए एकत्रित हो।

इस अवसर पर सुबोध डागर, राजेंद्र मुखिया, विपिन डागर, हरपाल सिंह, इंद्रजीत पाल, अजित रावत, जयकुमार शर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

# पहलगांव नरसंहार के पीड़ितों को दी श्रद्धांजली




**मोदीनगर करंट क्राइम।** निष्काम भवन में जम्मू-कश्मीर के पहलगांव में आतंकवादियों द्वारा मारे गए निर्दोष लोगों को अश्रूपूर्ण श्रद्धांजली दी गई। निष्काम परिवार के सदस्यों ने सामूहिक रूप से एकत्र होकर शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की और उनकी आत्मिक शांति के लिए अरदास की।

निष्काम परिवार में शामिल पुरुष, महिलाएं, बुजुर्ग व नन्हे-नन्हे बच्चों तक ने अपने हाथों में श्रद्धांजलि संदेश देते पोस्टर्स लेकर इस वीभत्स घटना में अपनी जान गंवा चुके हिंदुस्तानियों के लिए मौन रखा और उनकी याद में मोमबत्ती जलाकर अपनी अश्रूपूर्ण श्रद्धांजलि दी।

### भारत सरकार से सख्त कार्रवाई की मांग

निष्काम परिवार ने इस सामूहिक नरसंहार की कड़े शब्दों में निंदा की और भारत सरकार से अविलंब आतंकवादी संगठनों को जड़ से नेस्तनाबूद करने की मांग की। संस्था के अध्यक्ष जसमीत सिंह ने कहा कि सरकार को आतंकवाद के प्रति देश की जनता की पीड़ा और आक्रोश को समझते हुए बिना देरी किए इस घटना के दोषियों और विशेष तौर पर उनके आकाओं को मुंहतोड़ जवाब देना चाहिए। इस अवसर पर संस्था के संरक्षक दिलीप शर्मा, ज्ञानी रविंद्र सिंह, मंजीत सिंह, लवली सचदेवा, जसबीर भूटानी, अनुप्रीत कौर, रविकांत ठाकुर, पवन कुमार, जितेंद्र सिंह, प्रमोद कुमार, अमित कुमार, अमित भूटानी, रविंद्र कुमार, गौरव जगपाल, सोराब खान, आशीष मेहंदीरत्ता, एनके ग्रोवर, गुन्जीत कौर आदि उपस्थित रहे।

# कार सवारों ने शिक्षक दंपत्ति को मारी टक्कर




**मोदीनगर करंट क्राइम।** दिल्ली-मेरठ मुख्य मार्ग पर कार सवारों ने एक शिक्षिका व उनके पति को टक्कर मारकर घायल कर दिया।पीड़ित ने थाने में तहरीर दे कार्रवाही की मांग की है। दयावती पब्लिक स्कूल की शिक्षिका रीता कुमार स्कूल की छुट्टी होने के बाद अपने पति अमित कुमार तोमर के साथ स्कूटी पर घर वापस लौट रही थीं। हापुड़ मार्ग पर रेलवे फाटक के पास एक कार ने उनकी स्कूटी को टक्कर मार दी। इस पर दोनों पक्षों में विवाद हुआ। कार सवार युवकों ने दो किलोमीटर तक दंपति का पीछा किया। गोविंदपुरी कॉलोनी में पहुंचकर उन्होंने फिर से स्कूटी को टक्कर मारी और दंपति को गिरा दिया। आरोप है कि कार सवारों ने पहले पति को पीटा और जब पत्नी बचाने आई तो उन्होंने उनके साथ भी मारपीट की। पीड़ित दंपति हिंदू युवा वाहिनी के पदाधिकारी नीरज शर्मा के साथ थाने पहुंचे। उन्होंने आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। एसीपी ज्ञानप्रकाश राय का कहना है कि शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है, और आरोपियों की तलाश की जा रही है।

## दिल्ली से निकाले जाएंगे सभी पाकिस्तानी

# केंद्र का फैसला सख्ती से लागू होगा : सीएम रेखा गुप्ता



**नई दिल्ली:** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने पाकिस्तानी नागिरकों के वीजा रद्द करने के फैसले को दिल्ली में सख्ती से लागू करने को कहा है। उन्होंने ट्वीट कर इसकी जानकारी दी। केंद्र सरकार ने 27 अप्रैल, 2025 से पाकिस्तानी नागरिकों के लिए जारी किए गए सभी वीजा रद्द कर दिए हैं। अब सिर्फ मेडिकल, डिप्लोमेटिक और लॉन्ग-टर्म वीजा ही मान्य होंगे। आदेश के मुताबिक मौजूदा मेडिकल वीजा भी 29 अप्रैल, 2025 के बाद अमान्य हो जाएंगे। इसके बाद पाकिस्तानी नागरिकों को कोई नया वीजा जारी नहीं किया जाएगा। सीएम रेखा गुप्ता ने कहा कि दिल्ली सरकार इन आदेशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कर रही है। हर उल्लंघन पर गंभीरता से नजर रखी जा रही है और आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। इससे पहले, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सभी मुख्यमंत्रियों से बात करके पाकिस्तानी नागरिकों को वापस भेजने का निर्देश दिया था। शाह ने सभी मुख्यमंत्रियों से बात की और अपने-अपने राज्यों में रह रहे पाकिस्तानी नागरिकों की पहचान कर उन्हें तुरंत वापस पाकिस्तान भेजने के लिए ठोस कदम उठाने को कहा है। इसके साथ ही उन्होंने पाकिस्तानी नागरिकों के सभी वीजा रद्द करने के निर्देश भी जारी किए हैं। गृह मंत्रालय ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि पाकिस्तानी नागरिकों से संबंधित सभी वीजा तत्काल प्रभाव से रद्द किए जाएं। इसके साथ ही, सभी राज्य अपने क्षेत्र में रह रहे पाकिस्तानी नागरिकों को खोज-खोज कर उनकी वापसी सुनिश्चित करें। गृह मंत्री अमित शाह ने मुख्यमंत्रियों से कहा कि पाकिस्तान से आए सभी लोगों को जल्द से जल्द अपने-अपने राज्यों से हटाया जाए। इस मामले में किसी भी तरह की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...

 नई दिल्ली। सोमवार 28 अप्रैल -2025 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

करंट क्राइम
ट्वीट का करंट




# भाजपा नेता से मारपीट के आरोप में चौकी इंचार्ज सहित तीन पुलिसकर्मी सस्पेंड

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। शनिवार को भाजपा और पुलिस आमने सामने आ गई और भाजपाईयों ने थाने में घेराव कर दिया। देर रात तक आरोप-प्रत्यारोप चलते रहे और फिर पुलिस के बड़े अधिकारियों ने इस मामले में चौकी इंचार्ज सहित तीन पुलिसकर्मी को सस्पेंड कर दिया। बताया जाता है कि मामला राजनगर एक्सटेंशन की रिवर हाइट सोसायटी का है। यहां कांग्रेस के दिवंग नेता राजीव शर्मा राजू की बहन कामिनी शर्मा प्ले-वे स्कूल चलाती हैं। उनका यहां आरडब्ल्यूए के किसी पदाधिकारी से विवाद था। यहां पर एक पक्ष की पैरवी के लिये भाजपा के महानगर मंत्री धीरज शर्मा थाने पहुंचे थे। बताया जाता है कि यहां पर सिहानी चुंकी चौकी इंचार्ज लेखराज सिंह मौजूद थे और उन्होंने धीरज शर्मा के साथ ना केवल अभद्रता की बल्कि मारपीट भी की। इसके बाद ये मामले बढ़ा चला गया और फिर पुलिस अधिकारियों ने इस मामले में चौकी इंचार्ज लेखराज सिंह, मुख्य आरक्षी सगीर खान, मुख्य आरक्षी रवेंद्र कुमार को सस्पेंड कर दिया। पुलिस उपायुक्त के आदेश के बाद निलंबन के आदेश जारी हुए।





## रिवर हाइट के इस मुद्दे को लेकर गए थे धीरज और शुरू हुआ विवाद



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। रिवर हाइट सोसायटी राजनगर एक्सटेंशन में है और इस विवाद का शुरू में भाजपा से कोई लेना देना नहीं था। बताते हैं कि यहां पर कामिनी शर्मा एक प्ले-वे स्कूल चलाती हैं और उनका किसी बात पर सोसायटी के आरडब्ल्यूए पदाधिकारी से विवाद हुआ था। यह विवाद दो दिन से चल रहा था और भाजपा के महानगर मंत्री धीरज शर्मा इस विवाद को सुलझाने के लिये थाने गए थे, लेकिन यहां पर अचानक से चौकी इंचार्ज ने अभद्रता कर दी और धीरज शर्मा को ही हवालात में बंद कर दिया। इसके बाद इस पूरे मामले ने राजनीति मोड़ ले लिया और फिर धीरे-धीरे आधी रात तक थाने में हाईवोल्टेज ड्रामा चला। यहां भाज्पा के महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल भी आ गए। शहर विधायक संजीव शर्मा भी आ गए। मामला भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी तक भी पहुंच गया और कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने भी धीरज शर्मा का मामला मुख्यमंत्री के समक्ष ले जाने की बात कही। इसके बाद मामला पुलिस अधिकारियों के पास पहुंचे और बताया जाता है कि रात में केवल सस्पेंशन मौखिक आदेश हुए थे और फिर जब सुबह यह मामला अन्य जनप्रतिनिधियों तक पहुंचा तो फिर बाकायदा इस मामले को गंभीर मानते हुए चौकी प्रभारी सहित तीन पुलिसकर्मियों के खिलाफ निलंबन के आदेश जारी हुए, विभागीय जांच के आदेश जारी हुए।

## निलंबन की वजह धीरज शर्मा के साथ अभद्र व्यवहार

जिन पुलिसकर्मियों को निलंबित किया गया है उनके निलंबन की वजह धीरज शर्मा के साथ अभद्र व्यवहार बताया गया है। धीरज शर्मा एक मामले में थाने गए थे, जहां पर उनके साथ मारपीट हुई और उन्हें हवालात में बंद कर दिया गया। निलंबन की वजह में बताया गया है कि चौकी इंचार्ज द्वारा जनप्रतिनिधि के साथ ऐसा व्यवहार नियमावली के एकदम प्रतिकूल है। इस मामले में सस्पेंड किये गये दोनों सिपाही भी दुव्यवहार में शामिल पाए गए हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि आरोप गंभीर प्रवर्ती के हैं। यह नियमावली 1991 के नियम संख्या 17(1क) के प्रावधानों के अंतर्गत तत्काल प्रभाव से आरोपी पुलिसकर्मियों को निलंबित किया जाता है।

## तोड़ दिया कलावा और तोड़ दिया लोवर का नाड़ा

भाजपा महानगर मंत्री धीरज शर्मा रिवर हाइट सोसायटी के किसी विवाद में एक पक्ष की तरफ से पैरवी करने के लिये गये थे। धीरज शर्मा ने करंट क्राइम से बताया कि उन्होंने यहां तहरीर दी थी और अचानक ही पुलिसकर्मियों ने उनपर हमला बोल दिया। उनके हाथ का कलावा तोड़ा और इस मारपीट में लोवर का नाड़ा टूट गया। धीरज शर्मा ने कहा कि इसके बाद उन्हें पुलिसकर्मियों द्वारा पीटा गया।

## रात्रि साढ़े नौ बजे मैसेज वायरल होते ही भाजपाई पहुंच गए थाने

कार्यकर्ता के साथ दुव्यवहार को लेकर भाजपाईयों ने शनिवार को गजब की एकता दिखाई। बताते हैं कि भाजपा के ग्रुप पर रात्रि साढ़े नौ बजे यह मैसेज वायरल हुआ और जैसे ही ये पता चला कि भाजपा कार्यकर्ता के साथ मारपीट हुई है तो भाजपाई नंदग्राम थाने पहुंचे। थोड़ी देर में यहां हाईवोल्टेज संघर्ष शुरू हो गया। भाजपाइयों ने थाना घेर लिया और धीरज शर्मा के समर्थन में भाजपाईयों का हुजूम थाने आ गया। रात्रि लगभग बारह बजे तक हाईवोल्टेज ड्रामा चलता रहा और यहां एसीपी पूनम मिश्रा और एसएचओ धर्मपाल सिंह भी मौजूद थे, लेकिन भाजपाई इस मामले में कार्यवाही पर अड़ गए।

## जब महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल आ गए मैदान में

(करंट क्राइम)। महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल भी कार्यकताओं के सम्मान में शनिवार की रात मैदान में आ गए। जब उन्हें ये पता चला कि भाजपा कार्यकर्ता के साथ बदतमीजी हुई तो फिर वो अपने सारे कार्यक्रम बीच में छोड़कर थाने आ गए। यहां उन्होंने अपनी बात को पुरजोर तरीके से रखा और कहा कि कार्यकताओं के मान-सम्मान से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं होगा। महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने यहां पूरी तरह कमान संभाली और एक संदेश वो देने में सफल रहे कि महानगर अध्यक्ष के रूप में वो कार्यकताओं के लिये अड़ भी सकते हैं।

## सस्पेंशन नहीं एफआईआर हो दर्ज : धीरज शर्मा

भाजपा के महानगर मंत्री धीरज शर्मा पुलिसकर्मियों ने निलंबन की कार्यवाही से संतुष्ट नहीं हैं। करंट क्राइम से बातचीत में उन्होंने कहा कि केवल सस्पेंशन से काम नहीं चलेगा और मारीपट के आरोपी पुलिसकर्मियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज होनी चाहिए। करंट क्राइम से बात करते हुए धीरज शर्मा ने कहा कि अगर मैं थाने में किसी भी पुलिसकर्मी से अभद्रता करता तो मेरे खिलाफ पुलिस एफआईआर दर्ज करती। ऐसे में जब पुलिस ने मेरे साथ मारपीट की है तो निलंबन की कार्यवाही नहीं बल्कि मारपीट की धाराओं में एफआईआर दर्ज होनी चाहिए। मेरी लड़ाई अभी जारी रहेगी।

## प्रदेश अध्यक्ष से रखी धीरज शर्मा ने मन की बात

(करंट क्राइम)। रिवर हाइट के विवाद का मामला रविवार को भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी तक पहुंचा। दरअसल भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी साहिबाबाद में मन की बात कार्यक्रम में आए थे। यहां पर भाजपा महानगर मंत्री धीरज शर्मा ने उन्हें सारा मामला बताया और इसके बाद प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने कहा कि हम आपके साथ है। भूपेंद्र चौधरी ने कहा कि कार्यकर्ता से बड़ा कुछ नहीं होता और कार्यकर्ता के साथ हम खड़े हैं।



## पुलिस आयुक्त कह रहे हैं चाय-पानी और यहां हो गई दूसरी कहानी

सोसायटी के विवाद को लेकर पुलिस ने भाजपा के महानगर मंत्री के साथ अभद्रता कर दी। मामला भाजपा तक पहुंच और फिर भाजपाईयों का रुख कड़ा हो गया। बताया जाता है कि ये सिलसिला चल रहा था कि थाने में फिर गाड़ियों का काफिला आ गया। शहर विधायक संजीव शर्मा एक शादी में थे। सूचना मिलते ही वो पहुंचे और उसके बाद फोन का सिलसिला शुरू हो गया और फिर धीरे-धीरे कार्यकर्ता थाने पहुंचने लगे। शहर विधायक संजीव शर्मा थाने आ गए और उन्होंने यहां पुलिस की कार्यवाही को लेकर काफी खरी-खरी भी सुनाई। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति एक कॉलेज में प्रोफेसर हैं, डायरेक्टर हैं और संभ्रांत नागरिक है, उसके साथ में यह व्यवहार कैसे उचित कहा जा सकता है। एक तरफ तो पुलिस आयुक्त ये कह रहे हैं कि थाने में आने वालों को चाय-पानी पूछा जाये और दूसरी तरफ संभ्रांत लोगों के साथ ये व्यवहार हो रहा है।

## धीरज शर्मा बोले-सीसीटीवी फुटेज चैक करो

महानगर मंत्री धीरज शर्मा ने कहा कि थाने की सीसीटीवी फुटेज चैक की जा सकती है। अगर, मैंने कोई भी अभद्रता की है तो पुलिस उसे दिखाए।

## भाजपाईयों के तेवर और पुलिस बना रही थी वीडियो

नंदग्राम थाने में भाजपाई इस बात को लेकर आक्रोशित थे कि अगर थाने आने पर ही कार्यकर्ता के साथ मारपीट होगी तो कौन किसकी पैरवी में जाएगा। यहां पर पार्षद पति संजय त्यागी काफी तीखे तेवरों के साथ थे। युवा नेता मानू त्यागी भी पुलिस की कार्यवाही को लेकर रोष प्रकट कर रहे थे। बताया जाता है किय यहां महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल भी पूरे तेवरों के साथ थे और अपने कार्यकर्ता के फेवर में थे। इसके बाद जहां मयंक गोयल ने मोर्चा संभाला वहीं सूत्र बताते हैं कि पुलिस भी पूरे घटनाक्रम का वीडियो बना रही थी।

## धीरज ने वीडियो जारी कर बताई व्यथा

भाजपाईयों के विरोध के बाद जहां पुलिस अधिकारी बैकफुट पर थे, वहीं सस्पेंशन की घोषणा की गई। रात में ही आदेश जारी हुए, लेकिन रविवार की सुबह ये पता चला कि पुलिसकर्मियों को सस्पेंड नहीं बल्कि लाइनहाजिर किया जा रहा है। इसके बाद भी धीरज शर्मा ने एक वीडियो जारी किया और अपनी व्यथा सुनाई।

## कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा बोले-रखेंगे मामला सीएम के समक्ष

(करंट क्राइम)। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा भी इस कार्यक्रम में थे। उन्होंने भी इस पूरे मामले पर महानगर मंत्री धीरज शर्मा का साथ देने की बात कही। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने कहा कि इस पूरे मामले को वह मुख्यमंत्री के समक्ष रखेंगे और दोषी पुलिसकर्मियों के विरुद्ध कार्यवाही की मांग करेंगे।

## जब अस्पताल में हो गई भाजपाईयों की डॉक्टरों से नोंकझोंक

(करंट क्राइम)। मामला बढ़ रहा था और भाजपाई आक्रोश में थे। इस दौरान जब धीरज शर्मा को मेडिकल के लिये अस्पताल ले जाने की बात थी तो एक सिपाही ड्यूटी लगाई गई। सूत्र बताते हैं कि यहां पर भाजपाईयों ने विरोध जताया और कहा कि सिपाही से काम नहीं चलेगा और दरोगा को भेजा जाए। इसके बाद पुलिस उपनिरीक्षक के साथ धीरज शर्मा सरकारी अस्पताल पहुंचे। सूत्र बताते हैं कि अस्पताल पहुंचने पर यहां भाजपा के एक महामंत्री और मीडिया विभाग से जुड़े पदाधिकारी भी मौजूद थे। इसी बीच भाजपाईयों ने ये कहा कि मेडिकल की कार्यवाही हमारे सामने ही होगी। सरकारी अस्पताल के डॉक्टरों ने कहा कि यह एक सरकारी नियम है और मेडिकल की कार्यवाही अंदर होगी। सूत्र बताते हैं कि इस बात को लेकर भाजपाईयों और डॉक्टरों की नोंकझोंक हो गई। बताया जाता है कि जब ये नोंकझोंक हो रही थी तो यहां पुलिसकर्मियों ने इस नोंकझोंक का वीडियो भी बना लिया।

## इसलिए टीआरपी के बादशाह कहे जाते हैं पूर्व भगवा कमांडर

(करंट क्राइम)। संजीव शर्मा महानगर अध्यक्ष रहे हैं और अब वो शहर विधायक हैं। उन्हें अब तक का सबसे लोकप्रिय अध्यक्ष भी कहा जाता है और जिस तरह से वो पारी खेल रहे हैं वो उन्हें सबसे लोकप्रिय विधायक होने की ओर भी बढ़ रहे हैं। कार्यकर्ता उन्हें प्यार से भगवा कमांडर कहते हैं और जब आधी रात को थाने में कार्यकर्ता के लिये अड़ने की बात आई तो संजीव शर्मा ने ये साबित कर दिया कि उन्हें क्यों भगवा कमांडर कहा जाता है और वो क्यों टीआरपी के बादशाह हैं। संजीव शर्मा कार्यकर्ता के लिये आधी रात तक थाने में अड़ गए और बड़ी बात ये कि जब उन्हें पुलिसकर्मियों ने विधायक वाले प्रोटोकॉल की बात कही तो यहां संजीव शर्मा ने कह दिया कि हमारे लिये भाजपा का कार्यकर्ता सर्वोपरि है और हमारे कार्यकर्ता से बड़ा कोई प्रोटोकॉल नहीं है। बताया जाता है कि वो वेदांता फार्महाउस में एक विवाह समारोह में थे और जैसे ही उन्हें ये पता चला कि कार्यकर्ता के साथ थाने में अभद्रता हो गई है, वो फौरन थाने पहुंचे और यहां उन्होंने कार्यकर्ता के सम्मान में मोर्चा खोल दिया।



## आज सभी जनप्रतिनिधि करेंगे हाईवोल्टेज बैठक

(करंट क्राइम)। रिवर हाइट वाली फाइट को लेकर जहां चौकी इंचार्ज व पुलिसकर्मी निलंबित किये गये हैं वहीं इस मामले में भाजपा के जनप्रतिनिधि आक्रोशित हैं। उनका कहना है कि अगर कोई व्यक्ति, कोई पदाधिकारी किसी की पैरवी में थाने भी गया है तो क्या उसके साथ अभद्रता होगी। सूत्र बताते हैं कि आज भाजपा के सभी जनप्रतिनिधि धीरज शर्मा प्रकरण में एक हाईवोल्टेज बैठक करेंगे। ये बैठक पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में हो सकती है।

## पहले भी हो चुकी है पुलिस और भाजपाईयों के बीच फाइट

(करंट क्राइम)। सरकार आने के बाद से पुलिस और भाजपाईयों की तकरार पहली बार नहीं हुई है। पहले भी भाजपा और पुलिस के विवाद सामने आए हैं। पार्षद को जेल भेजने के मामले में पुलिस आयुक्त और भाजपाईयों के बीच नोंकझोंक हुई थी और यहां मेयर से तत्कालीन पुलिस आयुक्त ने मिलने से इनकार कर दिया थ। लोनी में विधायक नंदकिशोर गुर्जर का फटा कुर्ता और दरोगा से नोंकझोंक पूरी यूपी में गूंजी थी। भाजपा कार्यालय के बाहर दरोगा ने भाजपा कार्यकताओं के साथ अभद्रता की थी और ये मामला गूंजा था। सिहारी गेट थाने में तो कई प्रकरण ऐसे हुए जब पुलिस और भाजपाई आमने-सामने आए हैं।



## संपादकीय

# पाकिस्तान का पागलपन

आतंक का समर्थक कोई देश कितना निर्लज्ज हो सकता है, यह पहलगाम के भीषण आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान के सैन्य अफसरों, नौकरशाहों और नेताओं की प्रतिक्रिया से स्पष्ट होता है। पहले तो पाकिस्तान आतंकी घटनाओं में अपना हाथ मिलने पर तरह-तरह की सफाई देता था, खुद को आतंकवाद से पीड़ित होने की बात करता था और आतंकी देश की अपनी छवि सुधारने का दिखावा करता था, लेकिन अब तो वह पूरी बेशर्मी पर उतर आया है।

इसका पता वहां के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ के इस बयान से मिलता है कि हम 30 वर्षों से आतंकी तैयार करने का काम कर रहे हैं। उन्होंने यह समझाने की कोशिश की कि पाकिस्तान ने यह गंदा काम अमेरिका और ब्रिटेन जैसे देशों के कहने पर किया, लेकिन क्या इन देशों ने जिहादी आतंक की फैक्ट्रियां तैयार करने के लिए उसे बंधक बना लिया था? सब जानते हैं कि वह डालरों के लालच में और इस्लामी जगत का अगुआ बनने के लिए यह सब कर रहा था।

**आतंक का समर्थक कोई देश कितना निर्लज्ज हो सकता है, यह पहलगाम के भीषण आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान के सैन्य अफसरों, नौकरशाहों और नेताओं की प्रतिक्रिया से स्पष्ट होता है।**

पाकिस्तानी रक्षा मंत्री से भी गंदा काम लंदन में पाकिस्तान उच्चायोग के एक राजनयिक ने तब किया, जब पहलगाम हमले को लेकर वहां रह रहे भारतीय अपना रोष प्रकट कर रहे थे। इस राजनयिक ने अपने उच्चायोग की बालकानी पर आकर भारतीयों का गला काटने की धमकी दी। गनीमत है कि उसने अपने हाथ में चाकू नहीं थामा। उसने इस्लामिक स्टेट के खूंखार जिहादियों जैसा इशारा कर पाकिस्तान को तो शर्मसार किया ही, यह भी बताया कि वहां के शासन के उच्चस्तर पर कैसी घृणित मानसिकता वाले लोग प्रवेश कर गए हैं। इस पर हैरानी नहीं कि भारतीयों का गला रेतने का इशारा करने वाला राजनयिक मूलत: पाकिस्तान का कर्नल है, जो लंदन में रक्षा सलाहकार के रूप में तैनात है। पाकिस्तान को तो उसकी इस हरकत पर कोई शर्मिंदगी नहीं होगी, लेकिन ब्रिटेन को इस पर सोचना चाहिए कि क्या वह अपनी धरती पर ऐसे राजनयिक को सहन कर सकता है?

इस राजनयिक की हरकत से यह और अच्छे से स्पष्ट होता है कि पाकिस्तानी सेना ने किस तरह किसी जिहादी संगठन में तब्दील हो गई है। इसका सबसे बड़ा उदाहरण तो पाकिस्तानी सेना प्रमुख आसिम मुनीर ही हैं, जो जिहादी मौलाना की तरह नफरत भरे भाषण करते हैं। एक ऐसा ही भाषण उन्होंने पहलगाम हमले के सप्ताह भर पहले ही दिया था। इस हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान को सबक सिखाने के लिए जो कदम उठाए हैं, उनके जवाब में उसकी ओर से जैसे बयान आए, वे भी यही बताते हैं कि वह भारत ही नहीं, पूरी दुनिया के लिए खतरा बन गया है। कोई परमाणु हथियारों की धमकी दे रहा है तो कोई सिंधु जल समझौता रोकने के फैसले को युद्ध की घोषणा जैसा बता रहा है।

## व्यापार समझौते को लेकर तैयारी तेज

# भारत अमेरिका से कर सकता है तकनीकी क्षेत्र में ढील की मांग



**नई दिल्ली।** अमेरिका के साथ चल रही द्विपक्षीय व्यापार समझौते (इळअ) पर बातचीत को लेकर भारत ने तैयारी तेज कर दी है। बताया जा रहा है कि भारत अमेरिका से निर्यात नियंत्रण और प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) के तहत तकनीकी क्षेत्र में ऑस्ट्रेलिया, यूके और जापान जैसे प्रमुख अमेरिकी सहयोगियों के बराबर ढील देने की मांग कर सकता है। सूत्रों का दावा है कि भारत दूरसंचार उपकरण, जैव प्रौद्योगिकी, एआई (कृत्रिम बुद्धिमत्ता), फार्मास्यूटिकल्स, क्वांटम कंप्यूटिंग और सेमीकंडक्टर जैसे क्षेत्रों के लिए ढील मांग सकता है।

सूत्र बताते हैं कि समझौते के तहत भारत कपड़ा, रत्न और आभूषण, चमड़े के सामान, परिधान, प्लास्टिक, रसायन, झींगा, तिलहन, रसायन, अंगूर और केले जैसे क्षेत्रों के लिए शुल्क रियायत की भी मांग कर रहा है। जबकि अमेरिका औद्योगिक वस्तुओं, ऑटोमोबाइल (इलेक्ट्रिक वाहन), वाइन, पेट्रोकेमिकल उत्पादों, डेयरी, कृषि वस्तुओं जैसे सेब और ट्री नट्स जैसे क्षेत्रों में शुल्क रियायतें चाहता है।

थिंक टैंक ऋळफ्क के अनुसार ऑस्ट्रेलिया, यूके और जापान जैसे करीबी सहयोगियों के साथ प्रौद्योगिकी साझेदारी को मजबूत करने के लिए अमेरिका ने निर्यात नियंत्रणों को आसान बनाया है। ये बदलाव महत्वपूर्ण क्षेत्रों में सहयोग को आसान बनाने के लिए किए गए हैं। अमेरिका ने ऑस्ट्रेलिया और यूके के साथ रक्षा और दोहरे उपयोग वाली तकनीकों को साझा करने के नियमों को सरल बनाया है। एक सितंबर 2024 से, इन देशों को रक्षा-संबंधी निर्यात के लगभग 80 प्रतिशत को अब संशोधित अमेरिकी हथियार नियमों के तहत व्यक्तिगत लाइसेंस की आवश्यकता नहीं है।

जीटीआरआई के संस्थापक अजय श्रीवास्तव ने कहा कि अमेरिका भारत के साथ तकनीकी संबंधों को मजबूत करने के लिए उत्सुक है। यह पूर्ण समानता की पेशकश करने से कम हो सकता है। अमेरिकी अधिकारी भारत के निर्यात नियंत्रण, बौद्धिक संपदा सुरक्षा, साइबर सुरक्षा मानकों और रूस के साथ सैन्य संबंधों के बारे में चल रही चिंताओं की ओर इशारा कर सकते हैं। अमेरिका व्यापक छूट के बजाय चुनिंदा भारतीय संस्थाओं के लिए विश्वसनीय भागीदार कार्यक्रम, परियोजना-विशिष्ट लाइसेंस या विस्तारित लाइसेंसिंग अपवाद जैसे तंत्र का सुझाव दे सकता है।

### भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है अमेरिका

2024-25 में लगातार चौथे वर्ष अमेरिका भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार बना रहा। इसका द्विपक्षीय व्यापार 131.84 बिलियन अमेरिकी डॉलर रहा। भारत के कुल वस्तु निर्यात में अमेरिका की हिस्सेदारी करीब 18 फीसदी, आयात में 6.22 फीसदी और देश के कुल वस्तु व्यापार में 10.73 फीसदी है।

# संसद के मानसून सत्र में पेश किया जाएगा बीमा संशोधन विधेयक, एफडीआई 100% करने की तैयारी



**नई दिल्ली।** संसद के आगामी मानसून सत्र में बीमा संशोधन विधेयक पेश किया जा सकता है। विधेयक में बीमा क्षेत्र में एफडीआई की सीमा बढ़ाकर 100 प्रतिशत करने की तैयारी है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, विधेयक का मसौदा तैयार है और इसे जल्द ही मंजूरी के लिए कैबिनेट के सामने पेश किया जाएगा। कैबिनेट की मंजूरी के बाद वित्त मंत्रालय के तहत वित्तीय सेवा विभाग विधेयक को संसद में पेश करने की प्रक्रिया शुरू करेगा।

### संसद के मानसून सत्र में आ सकता है प्रस्ताव

संसद का मानसून सत्र आमतौर पर जुलाई में शुरू होता है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने इस साल के बजट भाषण में कहा कि वित्तीय क्षेत्र सुधारों के तहत बीमा क्षेत्र में विदेशी निवेश की सीमा को मौजूदा 74 प्रतिशत से बढ़ाकर 100 प्रतिशत करने का प्रस्ताव रखा। वित्त मंत्री ने कहा था कि, 'यह बढ़ी हुई सीमा उन कंपनियों के लिए उपलब्ध होगी जो भारत में पूरा प्रीमियम निवेश करती हैं। साथ ही विदेशी निवेश से जुड़ी मौजूदा शर्तों और सुरक्षा की समीक्षा की जाएगी और उन्हें सरल बनाया जाएगा।'

### ये किए जा सकते हैं बदलाव

रिपोर्ट्स के अनुसार, वित्त मंत्रालय ने बीमा अधिनियम, 1938 के विभिन्न प्रावधानों में संशोधन करने का प्रस्ताव दिया है, जिसमें बीमा क्षेत्र में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) को बढ़ाकर 100 प्रतिशत करना, और समग्र लाइसेंस का प्रावधान शामिल है। प्रस्तावित संशोधन पॉलिसीधारकों के हितों को बढ़ावा देने, उनकी वित्तीय सुरक्षा बढ़ाने और बीमा बाजार में अधिक खिलाड़ियों के प्रवेश को सुविधाजनक बनाने पर केंद्रित है। जिससे आर्थिक विकास और रोजगार सृजन को बढ़ावा मिलेगा।

उल्लेखनीय है कि बीमा अधिनियम, 1938, भारत में बीमा के लिए विधायी ढांचा प्रदान करने वाला प्रमुख अधिनियम है। यह बीमा व्यवसायों के कामकाज के लिए ढांचा प्रदान करता है और बीमाकर्ता, उसके पॉलिसीधारकों, शेयरधारकों और नियामक क्फ्ळअकके बीच संबंधों को नियंत्रित करता है। वर्तमान में, भारत में 25 जीवन बीमा कंपनियाँ और 34 गैर-जीवन या सामान्य बीमा फर्म हैं। बीमा क्षेत्र में सीमा को पिछली बार 2021 में 49 प्रतिशत से बढ़ाकर 74 प्रतिशत की गई थी। 2015 में, सरकार ने बीमा क्षेत्र में ऋक्क सीमा को 26 प्रतिशत से बढ़ाकर 49 प्रतिशत कर दिया था।

# भारत और नीदरलैंड ने व्यापार और निवेश बढ़ाने के तरीके पर की चर्चा

**नई दिल्ली।** भारत और नीदरलैंड ने व्यापार और निवेश संबंधों को बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा की। यह चर्चा वाणिज्य सचिव सुनील बड़थ्वाल की हेग यात्रा के दौरान हुई। उनका यह दौरा इसलिए खास है, क्योंकि वैश्विक आर्थिक अस्थिरता के बावजूद नीदरलैंड को भारत के निर्यात में वृद्धि देखी जा रही है।



वाणिज्य मंत्रालय ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में बताया कि वाणिज्य सचिव सुनील बड़थ्वाल और भारत के राजदूत ने हेग में विदेश आर्थिक संबंधों के निदेशक मिशियल स्वीयर्स से मुलाकात की और द्विपक्षीय व्यापार और आर्थिक संबंधों को मजबूत करने पर चर्चा की। इस बैठक में संयुक्त व्यापार और निवेश समिति (जेटीआईसी) के जरिए रणनीतिक आर्थिक सहयोग को आगे बढ़ाने पर चर्चा की गई।

वित्त वर्ष 2024-25 में भारत का नीदरलैंड के साथ निर्यात 1.75 फीसदी बढ़कर 22.76 अरब डॉल हो गया। 2023-24 में यह 22.36 अरब डॉलर था। इस दौरान आयात पांच अरब डॉलर से अधिक रहा। वाणिज्य मंत्रालय के संयुक्त सचिव साकेत कुमार ने भी हेग में नीदरलैंड के वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात की और स्टार्टअप और नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र में सहयोग बढ़ाने पर चर्चा की। मंत्रालय ने बताया कि बैठक में उद्यमिता, तकनीकी आदान-प्रदान, अंतरिक्ष सहयोग और दोनों देशों के बीच स्टार्टअप साझेदारी को बढ़ावा देने पर चर्चा की गई। बड़थ्वाल ने क्रोएशिया के जाग्रेब का भी दौरा किया और वहां के विदेश व्यापार और विकार राज्य सचिव जेडेंको लुसीच से मुलकात की। इस मुलाकात में द्विपक्षीय व्यापार संबंधों को और मजबूत बनाने और निवेश के अवसरों की तलाश पर चर्चा की गई। 2024-25 (अप्रैल-जनवरी) में भारत का क्रोएशिया के साथ निर्यात 270 मिलियन डॉलर रहा, जबकि आयात 69.49 मिलियन डॉलर था।

## अब पाकिस्तान पर होगी आफत की बारिश

# व्यापार बंद करने के फैसले से और बिगड़ेंगे पाक के हालात



**नई दिल्ली।** पहलगाम में निर्दोष पर्यटकों के ऊपर हुए आतंकी हमले के कारण भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव बहुत बढ़ गया है। इस तनाव को देखते हुए भारत के व्यापारियों ने पाकिस्तान के साथ कोई व्यापार न करने का कड़ा निर्णय लिया है। इससे पाकिस्तान को कई बेहद आवश्यक वस्तुओं की सप्लाई नहीं हो सकेगी। इससे पाकिस्तान में दवाइयां, रसायनों, फल-सब्जियों समेत कई आवश्यक वस्तुओं की उपलब्धता प्रभावित होगी। इस निर्णय के कारण भारत पर भी असर पड़ेगा, क्योंकि नमक और आभूषण से लेकर निर्माण क्षेत्र और जूट की अनेक वस्तुएं पाकिस्तान से आयात की जाती हैं, लेकिन इसके बाद भी व्यापारियों ने एक तरफा निर्णय लेते हुए पाकिस्तान से व्यापार बंद करने का निर्णय ले लिया है। इसके पहले वर्ष 2019 में पुलवामा आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच व्यापारिक संबंधी में तल्खी आ गई थी। जिसके बाद दोनों देशों के बीच व्यापार में भारी गिरावट आई थी।

अप्रैल 2024 से जनवरी 2025 तक के समय में भारत ने पाकिस्तान को लगभग 50 करोड़ डॉलर मूल्य के उत्पादों का निर्यात किया था, जिनमें मुख्य रूप से दवाइयाँ, रसायन, चीनी और ऑटो पार्ट्स शामिल थे। इसी समयावधि में पाकिस्तान से भारत का आयात मात्र 0.42 मिलियन डॉलर रहा और अब इस व्यापार को भी समाप्त करने का निर्णय व्यापारियों ने लिया गया है। वर्ष 2018 में भारत- पाकिस्तान के बीच लगभग तीन बिलियन डॉलर का वार्षिक व्यापार हुआ था जो वर्ष 2024 में 1.2 बिलियन डॉलर रह गया था।

## राशिफल

**मेष:** लोगों की आपसे हमदर्दी रहेगी। किसी खास व्यक्ति या करीबी दोस्त से धोखा मिलने के योग हैं। आपके सहज ज्ञान और विचारों में दृढ़ता की वृद्धि होगी।

**वृष:** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा और आप अपनी तेज बुद्धि और कार्यकुशलता के कारण अपने दिन को बेहतर बनाएंगे।

**मिथुन:** आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। कारोबार की धीमी गति से आप थोड़े चिंतित रहेंगे। परिजनों के साथ खुशी के पल बिताएंगे।

**कर्क:** बकाया वसूलने के प्रयास सफल रहेंगे। यह शाम एक यादगार शाम होगी। अपनी सोच बदलो दूसरों को बदलने की कोशिश मत करो।

**सिंह:** आप निजी प्रयासों के बल पर सफलता अर्जित करेंगे। आपके खर्चों में वृद्धि होगी, जिससे आर्थिक स्थिति थोड़ी कमजोर रहेगी।

**कन्या:** आपके सभी काम समय से पूरे होंगे। घर में परिवार के साथ मूवी देखने का प्लान बनेगा। कार्यों में जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा।

**तुला:** आज नौकरी में तरक्की के मौके मिलेंगे। मन को नकारात्मक विचारों से हटाकर सकारात्मक विचारों पर ध्यान दें। धैर्य रखें।

**वृश्चिक:** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। भाग्य का सितारा बुलंद रहेगा, जिससे आपको अपने कार्यों में सफलता मिलेगी। लंबे समय से अटके हुए काम पूरे होने लगेंगे।

**धनु:** आप खुद को ऊर्जावान महसूस करेंगे। रोजमर्रा के काम बिना किसी बाधा के पूरे होंगे। पार्टनर के साथ ईमानदारी आपके लिए फायदेमंद रहेगी।

**मकर:** आज आप और आपका पार्टनर सरप्राइज देने की कोशिश करेंगे। लंबे समय से चले आ रहे भवन निर्माण पारिवारिक विवाद का आज आखिरी दिन है।

**कुंभ:** आपकी लव लाइफ में किसी दूसरे व्यक्ति की दखलअंदाजी आपके लिए परेशानी का सबब बन सकती है। आमदनी के मामले में आज आप भाग्यशाली रहेंगे।

**मीन:** आप उत्साह से भरे रहेंगे। घर का वातावरण सुखद रहेगा। आप सभी काम पूरी मेहनत से करेंगे। आपकी मेहनत का फल भी मिलेगा।

## चुटकुले

सुरेश- कल मेरे घर लुटेरे घुस आए...
दीपक- फिर क्या हुआ ?
सुरेश- वो चिल्ला चिल्ला कर पूछ रहे थे कि सोना कहां है ,सोना कहां है?
मैंने कह दिया किसी भी कमरे में सो जाओ...

---

टीचर- वर्षा से सबसे ज्यादा लाभ किसे है?
छात्र- हमें...
टीचर- कैसे?
छात्र- उस दिन विद्यालय का अवकाश हो जाता है.

---

रिंकी- देख पिंकू मैं तो ठंड में भी रोज नहाती हूं.
पिंकू- मैं तो ठंड में दो बार नहाता हूं.
रिंकी- अरे तुम तो बहुत बहादुर हो.
पिंकू- अरे... मैं तो ठंड के पूरे मौसम में सिर्फ दो बार नहाता हूं...

---

टीचर- हमारे शरीर का 70% हिस्सा पानी है.
विद्यार्थी- तो फिर हमें इतनी प्यास क्यों लगती है ?

## रोचक तथ्यों का करंट

- 21. पैसा ऐसी पहले नंबर की चीज है जिसके बारे में जोड़े सबसे अधिक बहस करते हैं।
- जब आसमान की बिजली गिरती है तब तापमान 30,000 डिग्री तक हो सकता है।
- हर बार जब भी आप पूरा चांद देखते हैं हर बार इसकी एक ही साइड ही दिखती है।
- शहद अकेला ऐसा प्राकृतिक पदार्थ है जो कभी खराब नहीं होता।
- ऑस्ट्रेलिया अकेला ऐसा महाद्वीप है जहां कोई भी एक्टिव ज्वालामुखी नहीं है।
- दुनिया की सबसे लंबी स्ट्रीट टोरंटो की योंगे स्ट्रीट है। कनाडा स्थित यह स्ट्रीट 1,896 किमी लंबी है।
- दुनिया की 90 प्रतिशत जनसंख्या किस करती है।
- कोकाकोला में शुरूआत में कोकीन मिला होता था।
- सभी कीड़ों की 6 टांगे होती हैं।
- पूर्वी अफ्रीका में केले से बनी बीयर बिकती है।
- जिराफ अपनी 21 इंच लंबी जीभ से कान साफ करता है।
- ऑस्ट्रेलिया को शुरूआत में न्यूहोलेंड के नाम से जाना जाता था।




प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।
करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364
सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी
संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

# दिल्ली से उसके घर में बदला लेने उतरेगा बेंगलुरु

**मुंबई।** आईपीएल 2025 में रविवार को डबल हेडर खेला जाना है। पहला मैच मुंबई इंडियंस और लखनऊ सुपरजाएंट्स के बीच वानखेड़े में खेला जाएगा। इसके बाद दूसरा मुकाबला बेहद रोमांचक होने वाला है। इसमें दिल्ली कैपिटल्स के सामने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की चुनौती होगी। दोनों ही टीमें शानदार फॉर्म में हैं और आज का मुकाबला शीर्ष स्थान पर अपना दावा मजबूत करने के लिए होगा। फिलहाल दिल्ली की टीम 12 अंक और बेहतर नेट रन रेट के साथ शीर्ष पर है, जबकि बेंगलुरु के भी 12 अंक हैं, लेकिन गुजरात से खराब नेट रन रेट की वजह से यह टीम तीसरे स्थान पर है। आज जीतने वाली टीम के 14 अंक हो जाएंगे।



### हेड टु हेड में आरसीबी काफी आगे

आईपीएल में चीजें तेजी से बदल सकती हैं, लेकिन मौजूदा फॉर्म को देखते हुए दिल्ली और आरसीबी दोनों के प्ले-ऑफ में पहुंचने की उम्मीद है। दोनों ही टीमों के बीच हेड टु हेड रिकॉर्ड को देखें तो अब तक 32 मैच खेले जा चुके हैं। इनमें से दिल्ली ने 12 और बेंगलुरु ने 19 मैच जीते हैं। एक का कोई नतीजा नहीं निकला। साल 2021 से दिल्ली ने आरसीबी के खिलाफ सात में से सिर्फ दो ही मैच जीते हैं। अरुण जेटली स्टेडियम में दिल्ली ने आरसीबी के खिलाफ 10 मैच खेले हैं और छह में उन्हें हार मिली है। आरसीबी के खिलाफ होम ग्राउंट पर दिल्ली की टीम सिर्फ चार ही मैच जीत सकी है। इस मैच में भारत के दो धुरंधर बल्लेबाज विराट कोहली और केएल राहुल के बीच जंग देखने को मिलेगी। इसके अलावा ऑस्ट्रेलिया के दो खतरनाक तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क और जोश हेजलवुड भी आकर्षण का केंद्र होंगे। ऑस्ट्रेलिया के दोनों तेज गेंदबाज हेजलवुड और स्टार्क पहले ही दिखा चुके हैं कि वे अपनी-अपनी आईपीएल टीमों के लिए कितना महत्व रखते हैं।

अगर स्पिन विभाग की बात करें तो दिल्ली के कुलदीप यादव ने पूरे आईपीएल में बीच के ओवरों में अपनी गुगली से बल्लेबाजों को परेशान किया है और विपक्षी टीम को सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचाया है। आठ मैचों में 12 विकेट लेने के अलावा बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर ने 6.50 रन प्रति ओवर की किफायती दर से रन दिए हैं। आरसीबी के बल्लेबाजों के लिए उनका सामना करना आसान नहीं होगा। दिल्ली के रहने वाले सुयश शर्मा ने भी आरसीबी की तरफ से अभी तक अच्छा प्रदर्शन किया है। वह स्थानीय परिस्थितियों से अच्छी तरह परिचित हैं जिसका फायदा वह दिल्ली के बल्लेबाजों के खिलाफ उठाना चाहेंगे।

दिल्ली के कप्तान अक्षर पटेल ने आगे बढ़कर नेतृत्व किया है। भले ही उन्होंने चोट के कारण प्रतियोगिता में बहुत अधिक गेंदबाजी नहीं की है, लेकिन पिछले मैच में उन्होंने अपने ओवरों का पूरा कोटा पूरा किया जो टीम के लिए एक और सकारात्मक संकेत है। क्रुणाल पांड्या आरसीबी के लिए इसी तरह की भूमिका निभाएंगे। नौ मैचों में 12 विकेट लेने वाले बाएं हाथ के स्पिनर ने अपनी नई फ्रेंचाइजी के लिए अभी तक अच्छा प्रदर्शन किया है। जेक-फ्रेजर मैकगर्क को बाहर करने के बाद से दिल्ली केवल तीन विदेशी खिलाड़ियों के साथ खेल रहा है तथा पूरी संभावना है कि अभिषेक पोरेल और करुण नायर ही पारी की शुरूआत करेंगे।

### हेजलवुड-स्टार्क के बीच दिखेगी टक्कर

हेजलवुड टूनार्मेंट में 16 विकेट के साथ सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। उन्होंने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ अपने पिछले मैच में 19वें ओवर में शानदार प्रदर्शन करके आरसीबी की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। उनके हमवतन स्टार्क भी प्रभाव छोड़ने में पीछे नहीं रहे हैं। संयोग से उन्होंने भी राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ बेहतरीन प्रदर्शन करके अपनी टीम को जीत दिलाई थी। इसे देखते हुए कम से कम यह तो कहा ही जा सकता है कि दोनों के बीच अपनी-अपनी टीमों को जीत दिलाने के लिए जबरदस्त टक्कर दिखेगी।

# पकड़ा गया गंभीर को जान से मारने की धमकी देने वाला शख्स, दिल्ली पुलिस ने की पूछताछ

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच और भाजपा के पूर्व सांसद गौतम गंभीर को जान से मारने की धमकी देने वाले शख्स की पहचान हो गई है। शनिवार को दिल्ली पुलिस ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि गंभीर को धमकी देने वाला शख्स गुजरात का रहने वाला है। उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की गई है। बता दें कि, 22 अप्रैल को गंभीर को 'आईएसआईएस कश्मीर' से जान से मारने की धमकी मिली थी। उन्हें दो धमकी भरे ईमेल मिले। एक ईमेल दोपहर में आया और दूसरा शाम को आया। दोनों में 'आई किल यू' संदेश लिखा था।



### मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से जूझ रहा शख्स

दिल्ली पुलिस ने इसकी जानकारी देते हुए कहा- क्रिकेटर गौतम गंभीर को धमकी भरे ई-मेल भेजने वाले की पहचान गुजरात के रहने वाले 21 वर्षीय जिग्नेश सिंह परमार के रूप में हुई है। उसे सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट पुलिस की टीम ने पकड़ लिया है और उससे विस्तृत पूछताछ की है। वह एक इंजीनियरिंग छात्र है, जिसके परिवार ने दावा किया है कि वह मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से पीड़ित है। पुलिस ने बताया कि इस मामले की जांच की जा रही है।

### पहले भी मिल चुकी धमकी

यह पहली बार नहीं है जब गंभीर को इस तरह की धमकियों का सामना करना पड़ा है। नवंबर 2021 में सांसद के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान भी उन्हें इसी तरह का एक ईमेल मिला था।

### गंभीर ने पहलगाम आतंकी हमले की निंदा की थी

गंभीर ने मंगलवार को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले की निंदा की। पहलगाम में मंगलवार को बायसरन घाटी में आतंकवादियों द्वारा पर्यटकों पर की गई गोलीबारी में 26 नागरिकों की मौत हो गई थी, जिसमें दो विदेशी नागरिक भी हैं। यह 2019 के पुलवामा आतंकी हमले के बाद से सबसे भयानक घटनाओं में से एक बन गया। पाकिस्तान में स्थित आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के छद्म संगठन द्यद रेजिस्टेंस फ्रंटह्न (टीआरएफ) ने हमले की जिम्मेदारी ली है। गंभीर ने एक्स पर लिखा था, 'मृतकों के परिवारों के लिए प्रार्थना। इसके लिए जिम्मेदार लोगों को इसकी कीमत चुकानी पड़ेगी। भारत स्ट्राइक करेगा।'

# कोलकाता में बारिश के कारण रद्द हुआ मैच, केकेआर और पंजाब को मिले एक-एक अंक

**कोलकाता।** कोलकाता में तेज बारिश और आंधी के कारण मुकाबला आईपीएल 2025 का 44वां मैच रद्द कर दिया गया। शनिवार को ईडेन गार्डंस में पंजाब किंग्स ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला करते हुए 20 ओवर में चार विकेट खोकर 201 रन बनाए थे। जवाब में कोलकाता की टीम ने सिर्फ एक ओवर खेला। रहमनुल्लाह गुरबाज एक और सुनील नरेन चार रन बनाकर क्रीज पर नाबाद रहे। कोलकाता की टीम सिर्फ सात रन बना सकी। बारिश के कारण मुकाबला रुका और फिर रद्द कर दिया गया। इसके बाद दोनों टीमों को एक-एक अंक दे दिए गए।




इसी के साथ पंजाब किंग्स शीर्ष चार में शामिल हो गई। नौ में से पांच मैच जीत चुकी पंजाब 11 अंक और 0.177 के नेट रन रेट के साथ अंक तालिका में चौथे स्थान पर पहुंच गई। वहीं, कोलकाता सात अंक और 0.212 के नेट रन रेट के साथ सातवें स्थान पर है।

प्रभसिमरन सिंह और प्रियांश आर्या की शतकीय साझेदारी के दम पर पंजाब किंग्स ने कोलकाता नाइट राइडर्स के सामने 202 रन का लक्ष्य रखा था। उनके लिए प्रभसिमरन सिंह ने सर्वाधिक 83 रन की पारी खेली। वहीं, प्रियांश ने 69 रन बनाए। कोलकाता के लिए वैभव अरोड़ा ने दो विकेट लिए जबकि वरुण और रसेल ने एक-एक विकेट अपने नाम किया।

प्रियांश और प्रभसिमरन के बीच पहले विकेट के लिए सबसे बड़ी 120 रन की साझेदारी हुई। रसेल ने 12वें ओवर में प्रियांश को अपना शिकार बनाया। वह इस सत्र का दूसरा 50+ निजी स्कोर बनाकर आउट हुए। इसके बाद प्रभसिमरन सिंह ने 38 गेंदों में अपना पांचवां अर्धशतक पूरा किया। उनकी 83 रनों की पारी में छह चौके और इतने ही छक्के शामिल हैं। इसके अलावा ग्लेन मैक्सवेल ने सात और मार्को यानसेन ने तीन रन बनाए। वहीं, श्रेयस अय्यर 25 और जोश इंग्लिश 11 रन बनाकर नाबाद रहे।

# विमेंस ट्राई सीरीज: भारत को 148 का टारगेट मिला

**नई दिल्ली।** श्रीलंका विमेंस क्रिकेट टीम ने ट्राई सीरीज के पहले मुकाबले में भारत के खिलाफ 148 रन का टारगेट दिया है। भारत-श्रीलंका के अलावा तीसरी टीम साउथ अफ्रीका है। श्रीलंका और भारत के बीच कोलंबो में ट्राई सीरीज का पहला मैच कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में खेला जा रहा है।

भारतीय समयानुसार सुबह 10 बजे से शुरू होना था, लेकिन बारिश की वजह से करीब 3 घंटे के बाद शुरू हो सका। बारिश से बाधित मैच में 50-50 ओवर की जगह 39-39 ओवर का हो रहा है। भारतीय टीम ने टॉस जीत कर पहले फील्डिंग करने का फैसला किया।

श्रीलंका ने 38.1ओवर में सभी विकेट खोकर 147 रन ही बना सकी। भारत की ओर से स्नेह राणा ने 3 विकेट लिए है। इस मैच में भारत के लिए काशवी गौतम और नल्लापुरेड्डी चरानी ने वनडे में डेब्यू किया है।

23 रन पर ही गिर गया श्रीलंका का विकेट श्रीलंका का पहला विकेट 23 रन के स्कोर पर ही गिर गया। कप्तान चमारी अथापथु 18 गेंद का सामना कर 7 बना कर आउट हो गई। दूसरे विकेट के लिए हासिनी परेरा और हर्षिता समरविक्रमा के बीच 38 गेंदों पर 31 रन की पार्टनरशिप हुई। वहीं उसके बाद आठवें विकेट के लिए अनुष्का संजीवनी और अचिनी कुलसुरिया के बीच 56 गेंदों पर 32 रन की साझेदारी हुई। वहीं स्नेह राणा ने 8 ओवर में 31 रन देकर 3 विकेट लिए। वहीं, दीप्ति शर्मा ने 2 और डेब्यू कर रही नल्लापुरेड्डी चरणानी ने दो विकेट लिए।





तीन महीने बाद भारतीय वुमन टीम उतर रही है इस मैच से भारतीय टीम करीब तीन महीने बाद मैदान पर उतरेगी। इससे पहले भारत ने आखिरी इंटरनेशनल मैच आयरलैंड के खिलाफ 15 जनवरी को खेला था। यह ट्राई सीरीज तीनों ही देशों के लिए सितंबर- अक्टूबर में होने वाले वनडे वर्ल्ड कप की तैयारी के लिहाज से अहम है। वह टूनार्मेंट 8 टीमों के बीच भारत में खेला जाना है। भारत, श्रीलंका और अफ्रीका कभी वह खिताब नहीं जीते हैं।

**भारत:** संतुलित टीम तैयार करने के लिए 5 महीने, पेस बैटरी चोटिल, इससे युवाओं के पास रहेगा बड़ा मौका भारत के सामने अगले पांच महीने में एक मजबूत और संतुलित टीम बनाने की चुनौती है। टीम अभी शानदार फॉर्म में है। उसने पिछली दो वनडे सीरीज में वेस्टइंडीज और आयरलैंड को 3-0 से लगातार क्लीन स्वीप किया। भारतीय टीम इस प्रदर्शन को ट्राई सीरीज और फिर इंग्लैंड के खिलाफ व्हाइट-बॉल सीरीज में भी जारी रखना चाहेगी। हालांकि, भारतीय पेस बैटरी को तिहरा झटका लगा है क्योंकि रेणुका सिंह, तीतस साधु और पूजा वस्त्रकार चोटिल हैं। इनकी अनुपस्थिति में ऑलराउंडर काशवी गौतम, स्पिनर्स एन श्री चरणी और शुचि उपाध्याय जैसी खिलाड़ियों के लिए बड़ा मौका होगा। इन्हें पहली बार सीनियर टीम में चुना गया है। बैटिंग में हरमनप्रीत, स्मृति मंधाना और जेमिमा रॉड्रिग्स के साथ हरलीन देओल व प्रतिका रावल पर नजरें होंगी।

श्रीलंका को न्यूजीलैंड दौरे पर श्रीलंका को मिली थी हार इस टूनार्मेंट से पहले श्रीलंका को न्यूजीलैंड दौरे पर वनडे सीरीज में हार का सामना करना पड़ा था। श्रीलंका को तीन वनडे मैचों की सीरीज में 2-0 से हार का सामना करना पड़ा था। दौरे का पहला वनडे मैच बारिश की वजह से रद्द कर दिया गया था।

**द. अफ्रीका:** साल की पहली ही इंटरनेशनल सीरीज खेलेगी टीम अफ्रीकी टीम इस साल पहली इंटरनेशनल सीरीज खेलेगी। टीम ने अपनी आखिरी सीरीज पिछले साल दिसंबर में इंग्लैंड दौरे पर खेली थी। वहां, उसे 7 मैच में सिर्फ एक जीत मिली थी। टीम अब नए कोच मंडला माशिम्बी के नेतृत्व में वर्ल्ड कप तैयारियों को अंतिम रूप देना चाहेगी। कप्तान लॉरा वॉल्वार्ट को अनुभवी ऑलराउंडर मारिजन कैप की कमी खलेगी। कैप वर्कलोड मैनेजमेंट की वजह से नहीं खेलेंगी।

# मैड्रिड ओपन में बड़ा उलटफेर, जोकोविच अपने पहले मैच में अर्नाल्डी से हारे

**इटली।** सर्बियाई स्टार नोवाक जोकोविच शनिवार को यहां मैड्रिड ओपन के पहले दौर में इटली के माटियो अर्नाल्डी से हार गए जिससे 24 बार के ग्रैंडस्लैम विजेता की रोलां गैरां से पहले क्लेकोर्ट पर संघर्ष जारी है। अर्नाल्डी ने जोकोविच को 6-3, 6-4 से हराया और उनके करियर का 100वां खिताब जीतने की मुहिम में विलंब किया।



यह जोकोविच और 44वीं रैंकिंग के खिलाड़ी अर्नाल्डी के बीच पहली भिड़ंत थी। 37 वर्षीय जोकोविच ने पेरिस ओलंपिक में पिछले साल अगस्त में अपना 99वां खिताब जीता था लेकिन इस सत्र में अभी तक एक भी खिताब नहीं जीत पाए हैं। अर्नाल्डी का सामना दामिर जुमहुर से होगा जिन्होंने सेबेस्टियन बाएज को 1-6, 6-1, 6-2 से मात दी।

चंडीगढ़ के गोल्फर अंगद चीमा ने शनिवार को बंगलूरू में प्रेस्टीज गोल्फशर क्लब में कपिल देव ग्रांट थॉर्नटन आमंत्रण में छह अंडर 66 का कार्ड बनाकर अपना चौथा पेशेवर खिताब जीता। चीमा (66-64-66) के शानदार प्रयास ने उन्हें 54-होल के टूनार्मेंट में कुल 20 अंडर 196 का स्कोर बनाने में मदद की और उन्होंने दो स्ट्रोक के अंतर से पीजीटीआई मुख्य टूर पर अपनी तीसरी जीत दर्ज की।

इस जीत के लिए 35 वर्षीय अंगद चीमा को 30 लाख रुपये का पुरस्कार मिला जिससे वह पीजीटीआई ऑर्डर ऑफ मेरिट में 28वें स्थान से 10वें स्थान पर पहुंच गए। बंगलूरू के खालिन जोशी (65-67-66) ने अंतिम दौर में 66 का स्कोर बनाया और 18-अंडर 198 के कुल स्कोर के साथ दूसरे स्थान पर रहे। फरीदाबाद के अभिनव लोहान (66-65-70) ने तीसरे राउंड में 70 के स्कोर के बाद 15-अंडर 201 के स्कोर के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। युवराज संधू 12-अंडर 204 के स्कोर के साथ संयुक्त चौथे स्थान पर रहे और परिणामस्वरूप पीजीटीआई द्यऑर्डर ऑफ मेरिटह्न में तीसरे से पहले स्थान पर पहुंच गए। पीजीटीआई रैंकिंग लीडर युवराज की इस सत्र की कमाई अब 54,67,300 रुपये है। भारत के 3000 मीटर स्टीपलचेज धावक अविनाश साबले शनिवार को चीन के शियामेन मे सत्र की पहली डायमंड लीग मीट में आठ मिनट 22.59 सेकंड के औसत समय के साथ 13वें स्थान पर रहे। साबले स्पर्धा के ज्यादातर समय तक दौड़ में आगे चल रहे समूह के साथ थे लेकिन आखिरी क्षणों में अपनी गति को बनाये रखने में विफल रहे। वह दौड़ पूरी करने वाले 16 धावकों में 13वें स्थान पर रहे।

### महाराष्ट्र ओपन ग्रैंड मास्टर शतरंज में नौ खिलाड़ी संयुक्त रूप से शीर्ष पर

महाराष्ट्र ओपन शतरंज टूनार्मेंट के तीसरे सत्र में शनिवार को आठवें दौर के बाद पांच भारतीयों सहित नौ खिलाड़ी शीर्ष पर है। इन नौ खिलाड़ियों में भारत के नितीश बेलुरकर, नीलाश साहा, अभिजीत गुप्ता, दीप सेनगुप्ता और आयुष शर्मा शामिल है। शीर्ष पर काबिज खिलाड़ियों में अर्मेनिया के पेट्रोसियन मैनुअल, रूस के बोरिस शेवचेंको, जॉर्जिया के टॉरनिके सानिकिडेज और लेवन पैंटुलाया का नाम भी है।

# विराट कोहली दिल्ली में करें केएल राहुल से हिसाब बराबर और बताएं ये उनका मैदान है

**नई दिल्ली।** आकाश चोपड़ा ने 27 अप्रैल को दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में होने वाले दिल्ली कैपिटल्स वर्सेस रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू मैच को मैच ऑफ द टूनार्मेंट का दर्जा दिया है। टीम इंडिया के पूर्व क्रिकेटर और मौजूदा कमेंटेटर आकाश चोपड़ा ने ऐसा इसलिए कहा है, क्योंकि आज दिल्ली के दो खिलाड़ी दिल्ली में दिल्ली के खिलाफ खेलेंगे। इनमें एक हैं विराट कोहली, जो केएल राहुल से पिछ्ला हिसाब-किताब चुकता करना चाहेंगे और मैच विनिंग पारी खेलकर कांतारा सेलिब्रेशन को दोहराना चाहेंगे। आईपीएल 2025 का मैच नंबर 46 खास होने वाला है। 10 अप्रैल को इन्हीं दोनों टीमों के बीच बेंगलुरू में मुकाबला खेला गया था, जिसमें केएल राहुल ने 53 गेंदों में 93 रनों की पारी खेलकर टीम को जीत दिलाई थी और बैट घुमाकर उसे पिच पर रखा था और फिल्म कांतारा वाला सेलिब्रेशन किया था और ये बताने की कोशिश की थी कि ये उनका ग्राउंड है, क्योंकि बेंगलुरू से ही आते हैं। यही दबाव अब दिल्ली वर्सेस बेंगलुरू मैच में विराट कोहली पर होगा, क्योंकि वे भी दिल्ली के ही रहने वाले हैं।



# 34वीं वाहिनी के 44 में से छह एथलीट ने जीते पदक

**नई दिल्ली।** 34वीं वाहिनी भुल्लनपुर पीएसी की ओर से 28वीं अंतर वाहिनी क्रॉस कंट्री प्रतियोगिता रोहनिया तिराहे से शुरू हुई। 20वीं वाहिनी पीएसी आजमगढ़ ने प्रथम और 34वीं वाहिनी पीएसी भुल्लनपुर वाराणसी की टीम ने रजत पदक जीता।



शुभारंभ आयोजन सचिव सेनानायक 34वीं वाहिनी पंकज कुमार पांडेय ने हरी झंडी दिखाकर किया। दौड़ में 34वीं वाहिनी पीएस भुल्लनपुर के 44 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया और छह खिलाड़ियों सौरभ पांडेय, संदीप यादव, श्याम बाबू गोंड, अनुग्रह त्रिपाठी, अनमोल सिंह और मनीष कुमार ने दूसरा स्थान हासिल कर रजत पदक जीता।

ओवरऑल चैंपियन के लिए 34वीं वाहिनी भुल्लनपुर और 42वीं वाहिनी नैनी प्रयागराज के बीच लड़ाई है। 200 मीटर व्यक्तिगत मिडल हीट में 34वीं वाहिनी भुल्लनपुर पीएसी के ऋषभ पाठक ने प्रथम स्थान हासिल किया। 100 मीटर बटरफ्लाई में 34वीं वाहिनी के रामसुंदर यादव ने दूसरा स्थान हासिल किया। 1500 मीटर फ्री स्टाइल में 34वीं वाहिनी पीएसी भुल्लनपुर के अभिलाष यादव ने प्रथम स्थान, 50 मीटर फ्री स्टाइल में ऋषभ पाठक ने प्रथम 800 मीटर फ्री स्टाइल में 34वीं वाहिनी भुल्लनपुर के अभिलाष यादव ने दूसरा स्थान हासिल किया। 100 मीटर बैक स्ट्रोक में 34वीं वाहिनी भुल्लनपुर के ऋषभ पाठक ने प्रथम, 200 मीटर बटरफ्लाई में 34वीं वाहिनी भुल्लनपुर में बृजेश बिंद ने प्रथम स्थान हासिल किया।

### तैराकी में 34वीं वाहिनी के ऋषभ ने जीते 4 स्वर्ण

34वीं वाहिनी पीएसी भुल्लनपुर की ओर से 28वीं पूर्वी जोन तैराकी, डाइविंग, वाटर पोलो प्रतियोगिता बीएचयू के स्वीमिंग पूल में हुई। अलग-अलग स्पधाओं में 34वीं वाहिनी पीएसी भुल्लनपुर के ऋषभ पाठक ने चार वर्ग में प्रथम स्थान हासिल किया।



### कबड्डी और रस्सीकूद में केवी 39 जीटीसी को पदक

छावनी क्षेत्र के पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय 39 जीटीसी में तीन दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता हुई। 54वीं संभागीय खेलकूद प्रतियोगिता के फाइनल शनिवार को खेला गया। अंडर-14 और अंडर-17 बालक वर्ग व रस्सीकूद में केंद्रीय विद्यालय 39 जीटीसी की टीम ने पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय चोपन को 22-20 से पराजित कर स्वर्ण पदक जीता। अंडर-17 में पीएमश्री केवी 39 जीटीसी की टीम ने केंद्रीय विद्यालय चेरो सलेमपुर 32- 20 से हराकर स्वर्ण पदक जीता।

रस्सीकूद केंद्रीय विद्यालय 39 जीटीसी ने स्वर्ण जीता। विजेता खिलाड़ियों को प्राचार्य डॉ. सीबीपी वर्मा ने पदक देकर सम्मानित किया। संचालन व धन्यवाद उपप्राचार्य अभिषेक त्रिपाठी ने दिया। विजेता टीमों के खिलाड़ी अखिल भारतीय स्तर पर प्रतियोगिता में खेलेंगे। यह प्रतियोगिता केंद्रीय विद्यालय संगठन नई दिल्ली की ओर से आगामी जुलाई में खेली जाएगी।

### राष्ट्रीय मुक्केबाजी में काशी के सूर्यांश को कांस्य पदक

ग्रेटर नोएडा के शहीद विजय सिंह पथिक स्टेडियम में खेले जा रहे राष्ट्रीय मुक्केबाजी प्रतियोगिता में वाराणसी के सूर्यांश ने कांस्य पदक जीता है। जिला बॉक्सिंग संघ की अध्यक्ष डॉ. नीलू मिश्रा ने बताया कि राष्ट्रीय चैंपियनशिप में उत्तर प्रदेश की तरफ से इकलौते खिलाड़ी सूर्यांश सिंह थे। बॉक्सर ने 60 से 65 किलोग्राम भार वर्ग में उपलब्धि हासिल की है।



राष्ट्रीय मुक्केबाजी प्रतियोगिता के महिला वर्ग के 80 किलो भारवर्ग में वाराणसी की मुक्केबाज अंजली यादव ने क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है। सातवीं यूथ अंडर-19 में उन्होंने प्रीक्वार्टर में आंध्रप्रदेश की एन प्राज्ञाना को हराकर कर अगले चक्र में प्रवेश किया है। यह प्रतियोगिता ग्रेटर नोएडा के शहीद विजय सिंह पथिक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में खेली जा रही है।

### लखनऊ के खिलाड़ियों ने जीते नौ स्वर्ण पदक

लखनऊ के खिलाड़ियों ने यूपी स्टेट सब जूनियर, कैडेट, जूनियर कराटे चैंपियनशिप के दूसरे दिन नौ स्वर्ण पदक जीतकर अपना दबदबा कायम रखा। वहीं गौतमबुद्धनगर के खिलाड़ियों ने तीन और वाराणसी के खिलाड़ियों ने दो स्वर्ण अपने नाम किए। जूनियर बालक कुमिते (61 किग्रा से कम) में वाराणसी के सुजीत प्रताप सैनी व क्षितिज कुमार ने कांस्य पदक जीते।

जिला एथलेटिक्स संघ की ओर से 27 अप्रैल को वार्षिक जूनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता होगी। मुनारी स्थित एसबीएस स्पोर्ट्स एकेडमी के खेल मैदान पर आयोजित प्रतियोगिता स्थल पर ही पहुंच कर खिलाड़ी प्रतियोगिता में हिस्सा ले सकते हैं।

जिला एथलेटिक्स संघ के सचिव रमेश कुमार यादव ने बताया कि इस प्रतियोगिता के माध्यम से राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए खिलाड़ियों का चयन भी किया जाएगा। जूनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता में 16 वर्ष से कम उम्र के बालक एवं बालिकाएं हिस्सा ले सकते है।

### हैंडबॉल : यूथ क्लब के सामने यूनाइटेड क्लब ने घुटने टेके

तीन राष्ट्रीय खिलाड़ियों से सजी यूथ क्लब ने रानी लक्ष्मीबाई जिलास्तरीय बालिका हैंडबॉल प्रतियोगिता के लीग दौर में यूनाइटेड क्लब को 20-2 गोल से हराया। बाबू आरएन सिंह स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स परमानंदपुर में दोनों टीमों ने तेज खेल दिखाया। यूथ क्लब की राष्ट्रीय खिलाड़ी नैना यादव और सताक्षी पटेल ने आक्रमण की शुरूआत की। पहले दस मिनट में यूथ क्लब की टीम ने छह गोल की बढ़त ले ली। हाफ टाइम तक यूथ क्लब 12-5 गोल से आगे थी। दूसरे हाफ में यूथ क्लब की टीम ने क्रॉस पास के सहारे यूनाइटेड क्लब के गोल पोस्ट पर तेज हमले किए। लंबी सीटी बजने पर यूथ क्लब की टीम 20-12 से आगे थी।

नैना, रेशमा, सताक्षी पटेल, सुमन, प्रीति ने चार-चार गोल किए। यूनाइटेड क्लब की ओर से तनु गुप्ता, आरती और शिल्पा ने चार-चार गोल किए।

कर्नाटक में 39 सब जूनियर राष्ट्रीय बालिका हैंडबॉल प्रतियोगिता के लिए यूपी की टीम शनिवार को रवाना हुई। कप्तान वाराणसी की रक्षा पटेल को बनाया गया है। टीम में आरती, आकांक्षा, खुशबू, वंशिका, रक्षा पटेल, जान्ह्वी दुबे, नव्या, रोशनी वर्मा को शामिल हैं। टीम मैनेजर चंदौली के अमित कुमार पांडेय बनाए गए हैं। उन्होंने खिलाड़ियों को बधाई दी है। केंद्रीय विद्यालय बीएचयू की ओर से तीन दिवसीय संभागीय खेलकूद प्रतियोगिता शनिवार को खत्म हुआ।



### योग : 180 बटुकों ने फाइनल में बनाई जगह

दुगाकुंड के श्री हनुमान प्रसाद पोद्दार अंध विद्यालय में चतुर्थ जिलास्तरीय योगासन प्रतियोगिता का शनिवार को उद्घाटन हुआ। मुख्य अतिथि रक्षा मंत्रालय के सीईओ सत्यम मोहन रहे। प्रतियोगिता में जिले के कई विद्यालयों और योग संस्थाओं के 300 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। जिला योगासन स्पोर्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष वीवी सुंदर शास्त्री ने बताया कि180 खिलाड़ियों को क्वालिफाइंग और फाइनल में प्रर्दशन करने का मौका मिलेगा। 23 राष्ट्रीय और आठ अंतरराष्ट्रीय हिस्सा ले रहे हैं।

# पंकज शर्मा की सुपुत्री शिविका और दामाद भरत को मिला गणमान्यों का आशीर्वाद



**गाजियाबाद करंट क्राइम। समाजसेवी एवं भाजपा नेता पंकज शर्मा और उनकी धर्मपत्नी राजश्री की सुपुत्री शिविका का विवाह सुरेश चंद गुप्ता एवं उनकी धर्मपत्नी संगीता के सुपुत्र भरत के साथ विधि विधान से सम्पन्न हुआ। विवाह के पावन को यादगार बनाने के लिए गाजियाबाद में परिवार की ओर से रिशेप्सन रखा गया। इस कार्यक्रम में क्षेत्र के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे एवं उन्होंने वर-वधू को सुखी वैवाहिक जीवन का आशीर्वाद दिया।**

# सीएम योगी ने गंगा एक्सप्रेसवे का किया निरीक्षण : 12 मिनट तक रुके, तय समय में कार्य पूरा करने के दिए निर्देश



**हापुड, करंट क्राइम।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को हापुड़ पहुंचे। वह शाहजहांपुर से हेलीकॉप्टर के जरिए आलमनगर बांगर के हेलीपैड पर पहुंचे। सीएम ने वहां से गंगा एक्सप्रेसवे और उससे सटे औद्योगिक गलियारे के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। सीएम यहां करीब 12 मिनट रुके और अधिकारियों को कार्य की गुणवत्ता व समयसीमा का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए।

## समय पर भूमि अधिग्रहण और मुआवजा देने के निर्देश

निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया को तेज करने और किसानों को उचित मुआवजा समय पर देने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की अनावश्यक देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। योगी ने यह भी कहा कि सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ जनता तक बिना किसी रुकावट के पहुंचे।

## शंकरटीला और बहापुर में एक्सप्रेसवे कार्यों का लिया जायजा

गंगा एक्सप्रेसवे मेरठ के बिजौली से शुरू होकर प्रयागराज तक जाएगा। हापुड़ जिले के पीरनगर से शंकरटीला होते हुए यह एक्सप्रेसवे अमरोहा से जुड़ेगा। मुख्यमंत्री ने शंकरटीला और बहापुर में गंगा पुल, सड़क निर्माण और औद्योगिक गलियारे के कार्यों का निरीक्षण कर प्रगति की जानकारी ली।

## 29 गांवों से होकर गुजर रहा गंगा एक्सप्रेसवे

करीब 600 किलोमीटर लंबे इस गंगा एक्सप्रेसवे की लागत लगभग 36 हजार करोड़ रुपये है। हापुड़ जिले में यह 29 गांवों से होकर गुजर रहा है, जिसमें हापुड़ तहसील के सात और गढ़मुक्तेश्वर तहसील के 22 गांव शामिल हैं। अब तक इस परियोजना के लिए 8164 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण पूरा किया जा चुका है।

## सुरक्षा के अभेद इंतजाम, 470 पुलिसकर्मी तैनात

सीएम के दौरे के मद्देनजर सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए गए थे। एक एसपी, दो एएसपी, छह सीओ समेत 470 से अधिक पुलिसकर्मी तैनात रहे। इसके अलावा दो कंपनी पीएसी और एक प्लाटून फ्लड कंपनी के जवान भी सुरक्षा ड्यूटी पर रहे।

## औद्योगिक गलियारे के लिए 118 हेक्टेयर भूमि अधिग्रहित



औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने के लिए गांव बाहपुर बेहरा, चचावली और बहना सदरपुर में करीब 900 किसानों की 118 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण किया गया है। यहां औद्योगिक क्षेत्र विकसित किया जा रहा है। कार्यदायी संस्था आईआरबी इंफ्रा द्वारा पुलों और एक्सप्रेसवे के उतार-चढ़ाव का निर्माण तेजी से किया जा रहा है।

# डॉ. अनिल अग्रवाल ने केंद्रीय राज्य मंत्री को छात्रावास शुरू करने की दी बधाई



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** केंद्रीय राज्य मंत्री बीएल वर्मा द्वारा अपने गृह जनपद बदायूं में सर्व समाज को समर्पित (निशुल्क) लोधी छात्रावास का शुभारंभ मुख्य अतिथि राष्ट्रीय महामंत्री भाजपा सुनील बंसल द्वारा किया गया। इस अवसर पर सांसद डॉक्टर स्वामी साक्षी महाराज, प्रदेश सरकार में मंत्री गुलाबी देवी, क्षेत्रीय अध्यक्ष भाजपा दुर्विजय शाक्य आदि उपस्थित रहे। इस मौके पर अतिथि के रूप में उपस्थित गाजियाबाद से पूर्व राज्य सभा सांसद डॉ अनिल अग्रवाल ने भी बदायूं पहुंचकर केंद्रीय राज्य मंत्री को बधाई दी और कहा कि यह छात्रावास निश्चित ही आने वाले समय में बदायूं के छात्र छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य में महत्वपूर्ण योगदान रखेगा।




# देहात में जमकर हुई 19 बैच पर मेहरबानी

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में नए अधिकारियों के आने का सिलसिला जारी है। तो कई पुराने वाले अधिकारियों को सरप्राइज गिफ्ट भी मिलना शुरु हो गए हैं। उधर बीते दिनों जिस तरह से पुलिस कमिश्नरेट वाले सिस्टम के अंदर देहात वाले जोन की एक लिस्ट आई उसकी चर्चा जमकर हो रही है। सूत्रों ने बताया है कि देहात वाली 23 पुलिसकर्मियों की लिस्ट जारी की गई थी। जिसमें एक थ्री-स्टार और 22 टू-स्टार के नाम शामिल रहे। इस लिस्ट के आउट होने के बाद पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में चर्चा है कि इस लिस्ट में 2019 बैच वालों को जमकर चौकियां दी गई हैं। साथ ही 2015 बैच वालों को इस लिस्ट में बहुत ज्यादा ध्यान नहीं दिया गया है। बताया जा रहा है कि 2019 बैच के 11 टू-स्टार ऐसे हैं, जिन्हें देहात के अलग-अलग थानों की चौकियों में भेजा गया है। तो वहीं उनपर अधिकारियों ने अधिक भरोसा भी जताया है। बताया जा रहा है कि बीते दिनों पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में एक फरमान जारी हुआ था कि दरोगा एक जोन में दो साल तक रह सकते हैं। उसके बाद यह लिस्ट आई है, इस लिस्ट में वह वाला टविस्ट दिखाई नहीं दिया है, पर चर्चा हो रही है कि देहात वाली इस लिस्ट में जमकर 2019 बैच वालों पर मेहरबानी की गई है। अब कमिश्नरेट में चर्चा यह हो रही है की मेहरबानी के पीछे की वजह क्या है, जबकि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में बड़ी संख्या में 2015 और 2017 बैच वाले भी टू-स्टार बड़ी संख्या में मौजूद हैं। इसके बावजूद 2019 बैच को अधिक तवज्जो दी गई है। बताया जा रहा है कि पुलिस के अधिकारियों का ऐसा मानना है की नई उम्र वाले पुलिसकर्मी अधिक ऊजार्वान तरीके से काम करेंगे। तो पुलिस के जानकार कह रहे हैं कि 2015 बैच वाले अनुभवी हैं जबकि 2019 बैच अनुभव के मामले में थोड़ा कम नजर आता है। ऐसे में इस बात को लेकर भी चर्चा हो रही है कि कमिश्नरेट में अब उम्र को और अनुभव को तवज्जो दी जाएगी या कार्य और कुशलता को। कुल मिलाकर 23 लोगों वाली इस लिस्ट की पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में जमकर चर्चा हो रही है। उधर सूत्र बता रहे हैं कि जल्द ही ट्रांस हिंडन और सिटी जोन में भी बदलाव वाली लिस्ट को लेकर संज्ञान लिया जा रहा है। यहां पर भी आने वाले दिनों में कुछ फेस और कई के प्लेस बदलेंगे, ऐसी चर्चा सुनाई दे रही है। अब देखना होगा कि सिटी की एक चौकी जो खाली हुई है, वहां कौन जाता है और किन टू-स्टारों को आने वाले दिनों में मौका दिया जाता है।



# 'मन की बात' है जन-जन की बात : गौरव शिवानी सोलंकी





**साहिबाबाद, करंट क्राइम।** साहिबाबाद विधानसभा में हमारे वार्ड 76 वैशाली के बूथ संख्या 699 पर प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी तथा उत्तर प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री सुनील कुमार शर्मा एवं महानगर अध्यक्ष बड़े भाई मयंक गोयल व वार्ड के सम्मानित निवासियों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम को सुना। प्रधानमंत्री मोदी ने पूरे राष्ट्र को एक बार पुनः आश्वस्त किया है कि पहलगाम हमले के पीड़ितों को न्याय जरूर मिलेगा। यह केवल प्रधानमंत्री ही नहीं, पूरे देश के मन की बात है।

हम आप सभी जिम्मेदार निवासियों का हृदय से धन्यवाद करते हैं, बहुत ही शॉर्ट नोटिस पर आप सभी ने मन की बात के कार्यक्रम में इतनी बड़ी संख्या में उपस्थित होकर हमारा मान बढ़ाया।

# विद्युत उपभोक्ता के साथ किसी भी प्रकार का अन्याय बर्दाश्त नहीं किया जाएगा : दिनेश कुमार गोयल





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** आगरा सर्किट हाउस में में दिनेश कुमार गोयल, सभापति प्रदेशीय विद्युत व्यवस्था संबंधी जांच समिति की अध्यक्षता में गार्ड ऑफ ऑनर के पश्चात समिति के सदस्यों के साथ एवं जिला आगरा व जिला फिरोजाबाद के विद्युत विभाग के उच्चाधिकारियों के साथ मिलकर विद्युत विभाग से सम्बन्धित कार्यों की समीक्षा बैठक की।

सभापति दिनेश कुमार गोयल ने कहा कि जब विद्युत विभाग द्वारा एक मुश्त समाधान योजना या अन्य कोई महत्वपूर्ण योजनाएं शासन के आदेशानुसार चलायी जाती है तो उसका व्यापक प्रचार प्रसार होना चाहिए जिससे आम जनमानस अधिक से अधिक उसका लाभ ले सकें।

साथ ही उन्होने कहा कि जब एक आम आदमी का बिल जमा न होने पर बिजली काट दी जाती है तो बडे बकायेदार सरकारी विभागों की बिजली बिल न जमा होने पर कार्यवाही क्यों नहीं की जाती। उन्होंने कहा कि किसी भी उपभोक्ता के साथ अन्याय बर्दाश्त नहीं किया जाएगा उपभोक्ताओं को सुविधा देना हमारा कर्तव्य है इसमें किसी तरह की त्रुटि बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस मीटिग के दौरान सभापति दिनेश कुमार गोयल के साथ विजय बहादुर पाठक, अश्वनी त्यागी, डॉ. रतनपाल सिंह, जितेंद्र सिंह सैंगर सदस्यगण विधान परिषद, एम डी दक्षिणांचल व विद्युत विभाग से संबंधित सभी उच्चाधिकारी मौजूद रहे।

# आतंकी हमले के खिलाफ साहिबाबाद में कैंडल मार्च निकाला

## - हमें एकजुट होकर आतंकवाद के खिलाफ लड़ना होगा : पार्षद हिमांशु चौधरी






**गाजियाबाद करंट क्राइम।** रविवार को वार्ड 40 के साहिबाबाद गांव में पार्षद हिमांशु चौधरी के नेतृत्व में कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के खिलाफ कैंडल मार्च रैली निकाली गई।

इस रैली में बड़ी संख्या में युवा शामिल हुए और आतंकवाद के खिलाफ अपना विरोध प्रकट किया। प्रदर्शनकारियों ने पाकिस्तान मुदार्बाद, आतंकवाद मुदार्बाद, हिंदुस्तान जिंदाबाद और भारत माता की जय के नारे लगाए और आतंकवाद के खिलाफ अपनी एकजुटता दिखाई। इस अवसर पर भाई मनोज त्यागी, भाई अमित, सुमित पाल, अवधेश भारद्वाज, अमित शर्मा, नीतीश राय, नीरज ठाकुर, अभिनव चौधरी, अक्षय कौशिक, विशाल झा आदि लोग शामिल रहे।

पार्षद हिमांशु चौधरी ने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ हमारी लड़ाई तब तक जारी रहेगी जब तक कि देश से आतंकवाद का खात्मा नहीं हो जाता। उन्होंने कहा कि हमें एकजुट होकर आतंकवाद के खिलाफ लड़ना होगा और देश की सुरक्षा और अखंडता को बनाए रखना होगा।

इस मौके पर पार्षद हिमांशु चौधरी, मनोज त्यागी, अमित, सुमित पाल, अवधेश भारद्वाज, अमित शर्मा, नीतीश राय, नीरज ठाकुर, अभिनव चौधरी, अक्षय कौशिक, विशाल झा सहित सैंकड़ों लोग मौजूद रहे।

## न्यूज डायरी

### अमेरिका में दो पुलिसकर्मियों पर गोलीबारी, एक की मौत

**न्यू मैक्सिको।** अमेरिका के न्यू मैक्सिको में एक पूर्व न्यायाधीश को गिरफ्तार किया गया है। पूर्व न्यायाधीश को वेनेजुएला गिरोह के सदस्य को बचाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। आरोप है कि वेनेजुएला गिरोह का सदस्य जज के मकान में बतौर किराएदार रह रहा था और किराएदार पर अवैध रूप से हथियार रखने का भी आरोप है। पूर्व जज पर आरोप है कि उन्होंने अपने किराएदार को बचाने के लिए सबूतों से छेड़छाड़ की और उसके फोन को नष्ट किया, ताकि उससे जुड़े सबूत पुलिस के हाथ न लग सकें।

### तीन दिन में 450 से अधिक भारतीय नागरिक स्वदेश लौटे

**नई दिल्ली।** पिछले तीन दिनों में 450 से अधिक भारतीय वाघा सीमा के रास्ते पाकिस्तान से स्वदेश लौट चुके हैं। पहलगाम आतंकी हमले के बाद वीजा रद्द होने के कारण उन्हें अपनी यात्राएं बीच में ही रोकनी पड़ीं। अफसरों ने बताया कि शनिवार को स्वदेश लौटने वालों में वे 23 भारतीय भी शामिल हैं, जो पाकिस्तान सुपर लीग 2025 की प्रसारण कंपनी का हिस्सा थे। शनिवार को सीमा पार करने वाले भारतीयों का वास्तविक आंकड़ा अभी नहीं पता चला है। शुक्रवार को 300 व बृहस्पतिवार को 100 भारतीय इसी मार्ग से लौटे थे। वहीं, 200 पाकिस्तानी भारत से स्वदेश लौट चुके हैं।

### अमेरिका में दो पुलिसकर्मियों को गोली मारी

**जॉर्जिया।** अमेरिका के जॉर्जिया प्रांत के कोलंबिया काउंटी में दो पुलिस अधिकारियों को गोली मार दी गई, जिनमें से एक पुलिस अधिकारी की मौत हो गई और दूसरे को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना शनिवार शाम की है, जब कोलंबिया काउंटी के दो डिप्टी पुलिस अधिकारी कार में सवार होकर जा रहे थे, जैसे ही वे ट्रैफिक स्टॉप पर रुके तो तभी एक संदिग्ध ने दोनों को गोली मार दी। संदिग्ध आरोपी की पहचान जेम्स ब्लेक मोंटगोमरी के रूप में हुई है। आरोपी की तलाश के लिए सघन अभियान चलाया जा रहा है।

### ग्वांतानामो बे जेल में बंद अवैध अप्रवासियों को लग रहा डर

अप्रवासन और नागरिक अधिकार मामलों के वकीलों ने अवैध अप्रवासियों को ग्वांतानामो बे जेल में बंद करने पर चिंता जाहिर की है और कहा है कि जेल में अप्रवासी अलग-थलग पड़ गए हैं और न तो उन्हें कानूनी मदद मिल पा रही है और न ही वे अपने रिश्तेदारों या करीबी लोगों से बात कर पा रहे हैं। अप्रवासियों में डर का माहौल है। वकीलों ने वॉशिंगटन के संघीय जज से अपील की है कि वे इस मामले में दखल दें।

### मुठभेड़ में टीटीपी के 41 आतंकी ढेर

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तानी सेना ने तहरीक-ए-तालिबान (टीटीपी) के 41 आतंकियों को मार गिराया है। बताया जा रहा है कि आतंकवादी जब अफगानिस्तान से पाकिस्तान की सीमा में घुसपैठ करने की कोशिश कर रहे थे, तब सेना ये कार्रवाई की है। मामले में एक अधिकारी ने बताया कि आतंकवादी शुक्रवार रात अफगानिस्तान सीमा से लगे उत्तरी वजीरिस्तान के पास छिपे हुए थे, तभी सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ शुरू हो गई। उनमें से अधिकतर लोग अफगान नागरिक थे। अधिकारी ने आगे बताया कि मुठभेड़ के बाद सुरक्षा बलों ने बचे आतंकवादियों की मौजूदगी का पता लगाने के लिए इलाके में तलाशी शुरू की।

### यूक्रेन के खिलाफ जंग लड़ रही उत्तर कोरिया की सेना

**मॉस्को।** रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने शनिवार को दावा किया कि रूस के कुर्स्क क्षेत्र से यूक्रेनी सेना को आखिरी गांव गोरनल से खदेड़ दिया गया है। साथ ही रूस ने पहली बार इसकी पुष्टि की है कि उत्तर कोरियाई सैनिक कुर्स्क में रूसी सैनिकों के साथ लड़ रहे हैं। सेना के जनरल स्टाफ के प्रमुख ने यूक्रेनियों को बाहर निकालने में मदद करने के लिए उनकी वीरता की प्रशंसा की। हालांकि, कीव ने रूस के दावे से इन्कार किया है। कीव के अधिकारियों ने कहा हे कि वे अब भी यूक्रेन की सीमा से लगे एक अन्य रूसी क्षेत्र बेलगोरोड में मौजूद हैं। यूक्रेनी सेना ने पिछले अगस्त में कुर्स्क क्षेत्र में एक बड़े क्षेत्र पर कब्जा कर लिया था। उत्तर कोरियाई सैनिकों की मदद से रूसी सेना उन्हें बाहर निकालने की कोशिश कर रही थी।

# ईरान के बंदरगाह पर हुआ धमाका?

## ब्लास्ट में 20 से अधिक की मौत और 750 घायल

**मस्कट।** दक्षिणी ईरान के होर्मोजगन प्रांत के बंदर अब्बास शहर में शाहिद राजाई बंदरगाह पर शनिवार को हुए भीषण विस्फोट में 20 से अधिक लोगों की की मौत हो गई और 750 से अधिक घायल हो गए। माना जा रहा है कि यह विस्फोट कथित तौर पर मिसाइल प्रोपेलेंट बनाने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले रासायनिक पदार्थ की शिपमेंट से जुड़ा हुआ है। लेकिन, ईरान में किसी ने भी सीधे तौर पर यह नहीं कहा है कि क्या यह विस्फोट किसी हमले की वजह से हुआ।



विस्फोट से आसमान में धुएं का एक बड़ा गुबार फैल गया और आसपास की इमारतों और कारों को भारी नुकसान पहुंचा। विस्फोट शनिवार को उस समय हुआ जब ईरान और अमेरिका के अधिकारी तेहरान के तेजी से आगे बढ़ते परमाणु कार्यक्रम पर तीसरे दौर की वार्ता के लिए ओमान में मिले। हालांकि, वार्ता का नेतृत्व कर रहे ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने भी बुधवार को स्वीकार किया था कि "पिछले उदाहरणों को देखते हुए हमारी सुरक्षा सेवाएं हाई अलर्ट पर हैं।" बहरहाल, घायलों को पास के चिकित्सा केंद्रों में स्थानांतरित कर दिया गया है। पड़ोसी फार्स प्रांत की राजधानी शिराज में 90 बिस्तरों वाले अस्पताल को भी इस घटना में संभावित रूप से घायलों के भर्ती होने के लिए तैयार रखा गया है। बंदर अब्बास में चीन के महावाणिज्य दूतावास के अनुसार, विस्फोट में तीन चीनी नागरिकों को मामूली चोटें आईं। चिकित्सा उपचार मिलने के बाद अब वे अच्छी स्थिति में हैं। जानकारी के अनुसार, ईरान के संकट प्रबंधन संगठन के प्रवक्ता हुसैन जाफरी ने विस्फोट के लिए शाहिद राजाई में रसायनों के कंटेनरों में खराब भंडारण को जिम्मेदार ठहराया है। उन्होंने एक समाचार एजेंसी से बात करते हुए बताया कि कंटेनरों के अंदर मौजूद रसायन के कारण ये विस्फोट हुआ था। बता दें कि इस विसफोट के कारण दूर तक धुएं का गुबार देखने को मिला। सैकड़ों की संख्या में लोग इस घटना में घायल हुए हैं। घायलों का अस्तपाताल में उपचार चल रहा है।

## कनाडा में एसयूपी ने भीड़ को रौंदा



**ओटावा।** कनाडा के वैंकूवर में एक कार ने भीड़ को कुचल दिया। हादसे में 9 लोगों की मौत हो गई है और कई लोग घायल हैं।

वैंकूवर पुलिस ने में पोस्ट कर बताया कि यह घटना स्थानीय समयानुसार रात 8:00 बजे (भारतीय समयानुसार सुबह 8:30 बजे) फिलीपींस कम्युनिटी के त्योहार लापू-लापू के दौरान हुई। पुलिस ने बताया कि शनिवार रात ए-43 एवेन्यू और फ्रेजर पर एक स्ट्रीट फेस्टिवल में भीड़ में एक कार घुसने से कई लोग मारे गए और कई अन्य घायल हो गए। ड्राइवर को हिरासत में ले लिया गया है। वह एशियाई मूल का बताया जा रहा है।

### कनाडा के पीएम बोले- घटना से बेहद दुखी हूं

कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने कहा कि वे इस घटना से काफी दुखी हैं। उन्होंने पर लिखा, 'मैं मारे गए और घायल हुए लोगों के प्रियजनों, फिलिपिनो-कनाडाई समुदाय और वैंकूवर के सभी लोगों के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त करता हूं। इस दुख में हम सभी आपके साथ हैं। हम स्थिति पर करीबी नजर बनाए हुए हैं और हमारे फर्स्ट रिस्पॉन्डर्स के आभारी हैं।' वैंकूवर के मेयर केन सिम ने कहा, 'आज के लापू लापू दिवस कार्यक्रम में हुई भयावह घटना से मैं स्तब्ध और अत्यंत दुखी हूं। हमारी संवेदनाएं सभी प्रभावित लोगों और इस बेहद कठिन समय में वैंकूवर के फिलिपिनो समुदाय के साथ हैं।'

## 'यूनुस का भी शेख हसीना जैसा हाल करेंगे', हिफाजत-ए-इस्लाम ने क्यों दी बांग्लादेश सरकार को चेतावनी?

**ढाका।** बांग्लादेश में कट्टरपंथी इस्लामी संगठन हिफाजत-ए-इस्लाम ने धमकी देते हुए कहा है कि अगर महिला मामलों के सुधार आयोग द्वारा किए गए प्रस्तावों को अमल में लाया गया तो अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस का भी वही हश्र होगा जो पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना का हुआ था।

स्थानीय मीडिया के अनुसार, देश भर में आयोजित विभिन्न विरोध रैलियों और जुलूसों में इस्लामी संगठन ने अंतरिम सरकार को यह चेतावनी दी और आयोग के प्रस्तावों को इस्लाम विरोधी करार दिया। आयोग को समाप्त करने की मांग कर रहे हिफाजत नेता ने घोषणा की कि संगठन तीन मई को ढाका के सुहरावर्दी उद्यान में एक सामूहिक रैली आयोजित करेगा।



'द बिजनेस स्टैंडर्ड' की एक रिपोर्ट के अनुसार, शुक्रवार को संगठन ने चटगांव के अंदरकिल में एक विरोध रैली और जुलूस भी आयोजित किया। बाद में, नारायणगंज में चशारा सेंट्रल शहीद मीनार में एक सार्वजनिक सभा को संबोधित करते हुए हिफाजत के संयुक्त महासचिव मामुनुल हक ने कहा कि महिला सुधार आयोग ने यह कहकर इस्लामी कानून के प्रति पूर्ण अवहेलना दिखाई है कि धार्मिक और सामाजिक मानदंड ही देश में महिलाओं के खिलाफ भेदभाव का मुख्य कारण हैं। एक अन्य कट्टर इस्लामी राजनीतिक दल 'खिलाफत मजलिस' के महासचिव अहमद अब्दुल कादर ने कहा कि आयोग ने सभी धर्मों की महिलाओं के लिए एक समान पारिवारिक कानून प्रस्तावित किया है - जिसमें विवाह, तलाक, विरासत और भरण-पोषण शामिल है। यह सीधे तौर पर कुरान और सुन्नत के खिलाफ है और मुसलमानों की आस्था पर एक जबरदस्त हमला है। हम इस तरह की इस्लाम विरोधी गतिविधियों को कभी स्वीकार नहीं करेंगे।

गौरतलब है कि पिछले हफ्ते महिला मामलों के सुधार आयोग ने अपनी रिपोर्ट सौंपी थी, जिसमें 433 सिफारिशें शामिल थीं।

## झेलम का बढ़ा जलस्तर: मुजफ्फराबाद में बाढ़ का खतरा

### पाकिस्तान ने भारत पर बिना सूचना पानी छोड़ने का मढ़ा आरोप

पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में शनिवार को झेलम नदी का जलस्तर अचानक बढ़ने से हड़कंप मच गया। इसके कारण मुजफ्फराबाद और आसपास के क्षेत्रों में बाढ़ का खतरा पैदा हो गया है। पाकिस्तान के अधिकारियों ने भारत पर आरोप लगाया है कि उसने अनंतनाग से बिना पूर्व सूचना के अत्यधिक पानी छोड़ दिया। चकोठी सीमा से लेकर मुजफ्फराबाद शहर तक नदी में पानी बढ़ने से हट्टियां बाला, घारी दुपट्टा और मझोई जैसे गांवों में दहशत फैल गई है। मस्जिदों से आपातकालीन चेतावनियां प्रसारित की जा रही हैं और लोगों को सुरक्षित स्थानों पर जाने को कहा गया है।



विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि यदि यह कदम जानबूझकर उठाया गया तो यह 1960 के सिंधु जल समझौते को और कमजोर कर सकता है। पहलगाम हमले के बाद भारत की ओर से सिंधु जल समझौते को निलंबित करने के फैसले के बाद दोनों देशों के बीच विवाद गहरा गया है।

उधर पाकिस्तान की ओर से भारतीय विमानों के लिए अपना एयरस्पेस बंद करने के बाद नागरिक उड्डयन महानिदेशालय ने एयरलाइन कंपनियों के लिए एडवाइजरी जारी की है। उन्हें अतिरिक्त भोजन, पानी और दवाओं की व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं। मामले में यात्रियों की मांग पर शाकाहारी या मेडिकल डाइट जैसा विशेष भोजन भी देना होगा। जारी एडवाइजरी के अनुसार, एयरस्पेस बंद होने से अंतरराष्ट्रीय उड़ानों का रूट बदल गया है, जिसकी वजह से यात्रा का समय भी बढ़ गया है। रूट बदलने से यात्रा में कितना समय लगेगा, यह भी यात्रियों को यात्रा शुरू होने से पहले बताना होगा।

## ह्यूस्टन में लोगों ने दी पहलगाम के मृतकों को श्रद्धांजलि भारत से की कड़े कदम उठाने की अपील

**ह्यूस्टन।** पहलगाम हमले की दुनियाभर में निंदा हो रही है। ह्यूस्टन में सैकड़ों भारतीय अमेरिकियों ने पहलगाम हमले के मृतकों को श्रद्धांजलि दी। साथ ही भारत से ऐसे हमलों को रोकने के लिए कड़े कदम उठाने की अपील की। उत्तरी अमेरिका के अन्य शहरों में भी मृतकों की आत्मशांति के लिए प्रार्थना की गई। ह्यूस्टन के सुगरलैंड मेमोरियल पार्क में प्रार्थना सभा की शुरूआत भारत और अमेरिका के राष्ट्रगान से हुई। इसके बाद एक हिंदू पुजारी ने दिवंगत आत्माओं के लिए प्रार्थना की। वहीं छोटे बच्चों और बुजुर्गों की भीड़ ने मौन रखा। कार्यक्रम में शामिल प्रतिभागियों ने शोक मनाने के लिए सफेद रंग के कपड़े पहने हुए थे। लोग निदोर्षों की हत्या बंद करो, आतंकवाद के खिलाफ भारतीय अमेरिकी, कश्मीर पीड़ितों के लिए न्याय, और हिंदू जीवन मायने रखता है लिखी तख्तियां थामे हुए थे। इस दौरान भारत माता के जयकारे गूंजे। कार्यक्रम में एक वक्ता ने कहा कि भारत को कश्मीर से लेकर मुर्शिदाबाद तक हिंदुओं की हत्याओं को रोकने के लिए कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए। दूसरे वक्ता ने समुदाय से निर्दोष हिंदुओं की अमानवीय हत्याओं के खिलाफ एकजुट होने की अपील की। राजनीतिक टिप्पणीकार सुनंदा वशिष्ठ ने कहा कि हम पहलगाम आतंकी हमले में निर्दोष हिंदुओं की दुखद मौत पर शोक व्यक्त करते हैं। यह सिर्फ व्यक्तियों पर नहीं बल्कि मानवता, शांति और आस्था के सिद्धांतों पर हमला था।




### उत्तरी अमेरिका में हुई प्रार्थना सभाएं

पहलगाम हमले के मृतकों की आत्म शांति के लिए उत्तरी अमेरिका में भी प्रार्थनाएं हुईं। कनाडा के ओंटारियो में श्री भगवद् गीता पार्क, सिएटल में डेनी पार्क, कैलिफोर्निया के आर्टेसिया में पायनियर बुलेवार्ड, डलास में टेक्सास विश्वविद्यालय और जॉर्जिया के अटलांटा में सभाएं हुईं।

सिएटल के डेनी पार्क में वाशिंगटन हिंदू शिक्षा और सेवा फाउंडेशन के नेतृत्व में आतंकवाद के खिलाफ एकजुट होकर खड़े होना थीम के तहत सभा में लगभग 50 लोग एकत्र हुए। अटलांटा में नेशनल फेडरेशन ऑफ इंडियन एसोसिएशन के अध्यक्ष राज राजदान ने हत्याओं की निंदा करते हुए इसे कायरतापूर्ण और मूर्खतापूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि भारतीय प्रवासी एकजुट हैं। ये हमले हमें नहीं तोड़ पाएंगे।

### कनाडा में भारतीयों ने निकाला कैंडल मार्च

पहलगाम हमले के मृतकों को श्रद्धांजलि देने के लिए कनाडा के टोरंटो में हिंदू फोरम और अन्य हिंदू कनाडाई संगठनों ने कैंडल मार्च निकाला। टोरंटो की सड़कों पर पांच सौ से ज्यादा कनाडाई हिंदू, यहूदी, बलूच और ईरानी नागरिक एकत्र हुए। उन्होंने मार्च निकाला और पाकिस्तान मुदार्बाद के नारे लगाए। सभी ने कनाडा सरकार से पाकिस्तान को आतंकी देश घोषित करने की मांग की। कनाडाई पत्रकार डैनियल बोर्डमैन ने कहा कि हम आतंकी हमले के पीड़ितों के साथ खड़े हैं, न कि अपराधी के साथ, क्योंकि कश्मीरी हिंदुओं ने अपने इतिहास में सात नरसंहारों का सामना किया है। अगर हम इसके खिलाफ खड़े नहीं होते हैं, दुनिया एक मजबूत स्थिति नहीं लेती है, तो उन्हें आठवें नरसंहार का सामना करना पड़ सकता है। इसलिए ऐसा होने से रोकना महत्वपूर्ण है और इसका एक हिस्सा कश्मीर के लोगों के साथ एकजुटता दिखाना है, जिन्हें आतंकवादियों ने निशाना बनाया था। मुझे लगता है कि कनाडाई सरकार को एक मजबूत बयान जारी करने की जरूरत है। हम यह मानसिकता नहीं रख सकते कि दुनिया भर की वैचारिक समस्याएं हमें यहां प्रभावित नहीं करेंगी। हम एक वैश्वीकृत दुनिया में रहते हैं। इसलिए बुरे विचारों का मुकाबला करना महत्वपूर्ण है।




## भारत की कार्रवाई से सहम गया पाकिस्तान

### सभी रेलवे स्टेशन पाक आर्मी को सौंपे गए

**इस्लामाबाद।** पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत की जवाबी कार्रवाई की आशंका से सहमे पाकिस्तान ने देशभर के रेलवे स्टेशनों को सेना को सौंप दिया है और सभी स्टेशनों पर सैनिक डेस्क स्थापित किए गए हैं।



#### देश के सभी रेलवे स्टेशनों का नियंत्रण पाकिस्तानी सशस्त्र बलों को सौंप दिया

पाकिस्तान के रेल मंत्री हनीफ अब्बासी ने शनिवार को बताया कि देश के सभी रेलवे स्टेशनों का नियंत्रण पाकिस्तानी सशस्त्र बलों को सौंप दिया गया है। आवश्यकता पड़ने पर सैन्य उपकरणों के परिवहन की व्यवस्था भी पूरी कर ली गई है। इसके साथ ही पाकिस्तान ने दवा आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए आपातकालीन कदम उठाने शुरू कर दिए हैं। हनीफ अब्बासी ने कहा कि सभी रेलवे स्टेशनों पर सैनिक डेस्क स्थापित कर दिए गए हैं। पाकिस्तान रेलवे का सारा सामान अब पाकिस्तानी सशस्त्र बलों के अधीन है। अब हमारी रसद पाकिस्तानी सशस्त्र बलों के नियंत्रण में है। अब वे टैंक, भारी हथियार और तोपें ले जाने के लिए रेलवे का उपयोग कर सकते हैं। पाकिस्तान रेलवे के हमारे सभी अधिकारी, सभी स्टेशन और हर परिसर जरूरत पड़ने पर सशस्त्र बलों के साथ काम करने के लिए तैयार हैं। पाकिस्तानी स्वास्थ्य अधिकारियों ने भारत के साथ व्यापार संबंधों के निलंबन को देखते हुए दवा आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए आपातकालीन उपाय शुरू किए हैं।

## हूतियों ने दागी इस्राइल पर मिसाइल, आईडीएफ ने किया नाकाम, अमेरिका ने भी रातभर हूतियों पर बरसाए बम

**यमन।** यमन के हूती विद्रोहियों ने रविवार को तड़के इस्राइल पर मिसाइल अटैक किया, हालांकि आईडीएफ ने मिसाइल को इस्राइली क्षेत्र में प्रवेश करने से पहले ही मार गिराया। यह हमला तब हुआ है जब गाजा में जारी युद्ध के बीच शांति की कोशिशें फिर तेज हुई हैं, इस बाबत हमास का एक वरिष्ठ प्रतिनिधिमंडल शनिवार को मिस्र की राजधानी काहिरा पहुंचा है। आज सुबह हुए इस मिसाइल हमले को लेकर इस्राइली हमले ने जानकारी दी है।

आईडीएफ ने कहा कि हूतियों के हमले के कारण मृत सागर के आसपास इस्राइली इलाके के कुछ हिस्सों में सायरन बजने लगे। वहीं, हूती सैन्य प्रवक्ता ब्रिगेडियर जनरल याह्या सारी ने इस हमले की जिम्मेदारी ली है। उन्होंने कहा कि विद्रोहियों ने इस्राइल के नेवातिम एयर बेस को निशाना बनाया था। उन्होंने इस हमले को हाइपरसोनिक मिसाइल हमला बताया।



### मार्च से जारी है अमेरिकी अभियान

हूतियों को ईरान का समर्थन प्राप्त है। नवंबर 2023 से इस साल जनवरी तक हूतियों ने लाल सागर में 100 से अधिक व्यापारिक जहाजों को निशाना बनाया और दो जहाजों को डुबो दिया। इस दौरान चार नाविक मारे गए। इन हमलों के चलते लाल सागर इलाके में अंतरराष्ट्रीय व्यापार प्रभावित हुआ। हालांकि अमेरिका द्वारा हूतियों पर किए गए हमलों में कितने लोग मारे गए हैं और किन ठिकानों को निशाना बनाया गया है, इसकी जानकारी नहीं दी गई है। हूतियों द्वारा भी हमलों को लेकर ज्यादा जानकारी सार्वजनिक नहीं की गई है।

### हूतियों पर अमेरिकी हवाई हमले जारी

इस बीच, रविवार को रात भर हूतियों को निशाना बनाकर अमेरिकी हवाई हमले जारी रहे। ये हमले 15 मार्च से जारी हैं। यमन के स्वास्थ्य मंत्रालय ने अमेरिकी हवाई हमले में रविवार को मारे गए दो लोगों के अलावा, सना में दो महिलाओं और तीन बच्चों सहित नौ लोग घायल हुए हैं। गौरतलब है कि हूती विद्रोही लाल सागर में अमेरिकी जहाजों और इस्राइल पर हमले करते रहते हैं। इसी के चलते अमेरिका ने हूतियों के खिलाफ ऑपरेशन चलाया हुआ है, जिसमें कई बार यमन में हूतियों के ठिकानों पर अमेरिका ने हवाई हमले किए।

## भारत की कार्रवाई से पाकिस्तान की उड़ी नींद

## खुद को बचाने के लिए चीन-रूस के कदमों में गिरा

**नई दिल्ली।** पहलगाम में आतंकी हमले के बाद आतंकियों को संरक्षण देने वाले पाकिस्तान की वैश्विक स्तर पर कड़ी आलोचना हो रही है। तमाम देशों के नेताओं ने आतंक से निपटने के लिए भारत के प्रति अपना समर्थन जताया है। वहीं इस हमले के बाद भारत के कड़े रुख और जवाबी एक्शन से पड़ोसी देश की नींद उड़ गई है। आतंकवाद के मुद्दे पर फंसे पाकिस्तान ने हमले की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जांच की मांग की है। इतना ही नहीं, पाकिस्तान ने जांच के लिए अपने पुराने दोस्त चीन का नाम लिया है। रूस की सरकारी समाचार एजेंसी आरआईए नोवोस्ती को दिए गए एक हालिया साक्षात्कार में पाकिस्तानी रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने पहलगाम हमले की अंतरराष्ट्रीय जांच में चीन और रूस की भागीदारी की बात की। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि रूस या चीन या यहां तक कि पश्चिमी देश इस संकट में बहुत ही सकारात्मक भूमिका निभा सकते हैं। वे एक जांच दल भी गठित कर सकते हैं, जिसे जांच का काम सौंपा जाना चाहिए कि भारत झूठ बोल रहा हैं या सच। उन्होंने कहा



कि एक अंतरराष्ट्रीय दल को इस बात का पता लगाने दें। पाकिस्तानी रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने कहा कि पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने भी अंतरराष्ट्रीय जांच कराने का प्रस्ताव रखा है। इस बात के कुछ सबूत होने चाहिए कि पाकिस्तान इसमें शामिल है या इन लोगों को पाकिस्तान का समर्थन प्राप्त था। ये सिर्फ खोखले बयान और कुछ नहीं। इस बीच, मॉस्को के एक स्वतंत्र अमेरिकी विश्लेषक एंड्रयू कोरिबको ने भी टिप्पणी की है। उन्होंने कहा कि जैसा कि पहले से ही उम्मीद थी, पाकिस्तान ने भारत के आरोपों का खंडन किया है। वहीं, उसके दो शीर्ष मंत्रियों ने हैरान करने वाले ऐसे दावे किए हैं जिससे वे खुद ही बेइज्जत हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि इसहाक डार ने टिप्पणी की कि 22 अप्रैल को जम्मू एवं कश्मीर के पहलगाम जिले में हमले करने वाले लोग स्वतंत्रता सेनानी हो सकते हैं। ऐसे में पर्यटकों का नरसंहार करना आतंकवाद का निर्विवाद कृत्य है। ऐसे में यह अनुमान लगाना कि अपराधी 'स्वतंत्रता सेनानी हो सकते हैं' यह दुनिया भर के सच्चे स्वतंत्रता सेनानियों को बदनाम करना है और चुपचाप आतंकवाद को उचित ठहराता है। वहीं, दूसरी ओर पहलगाम आतंकवादी हमले के बारे जो दूसरा दावा रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने किया जिसमें उन्होनें कहा कि ये 'झूठा' बयान हो सकता है। ऐसे में इसहाक डार और ख्वाजा आसिफ के बयानों को अगर देखें तो एक स्पष्ट विरोधाभास दिख रहा है। पहले पाकिस्तानी मंत्री ने जहां पहलगाम हमले को मंजूरी देते हुए अनुमान लगाया कि अपराधी स्वतंत्रता सेनानी हो सकते हैं, वहीं दूसरे ने हमले को दृढ़ता से अस्वीकार करते हुए इसका सारा दोष भारत पर मढ़ दिया। दोनों के बयानों से साफ पता चल रहा है कि पाकिस्तानी मंत्री अपनी मनगढ़ंत कहानी को सही ढंग से बता भी नहीं पा रहे हैं।

### भारत लगातार लगा रहा आरोप

पहलगाम हमले को लेकर भारत लगातार पाकिस्तान पर आरोप लगा रहा है। भारत ने पाकिस्तान पर सिंधु जल संधि पर रोक समेत कई प्रतिबंध लगाए हैं। वहीं पाकिस्तान हमले में संलिप्तता से इनकार कर रहा है। पाकिस्तान ने भारत के विमानों के लिए अपना हवाई क्षेत्र बंद कर दिया है।

### हमले में 26 पर्यटकों की हुई थी मौत

बीती 22 अप्रैल को जम्मू कश्मीर के पहलगाम में पाकिस्तान समर्थित लश्कर ए तैयबा के संगठन टीआरएफ के आतंकियों ने 26 निर्दोष पर्यटकों की गोली मारकर हत्या कर दी थी। इस घटना के बाद भारत सरकार ने सख्त कदम उठाते हुए सिंधु जल समझौता स्थगित कर दिया। साथ ही पाकिस्तान के साथ कूटनीतिक संबंध भी कम कर लिए हैं। भारत ने पाकिस्तान के उच्चायुक्त को एक हफ्ते में देश छोड़ने का निर्देश दिया है। आतंकी हमले के बाद भारतीय सेना भी अलर्ट पर है।

# भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने सुनी पीएम के 'मन की बात'

## वसुंधरा मंडल के बूथ संख्या 699 पर 121वां संस्करण कार्यकर्ताओं के साथ सुना गया







**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष मानसिंह गोस्वामी( क्षेत्रीय मन की बात प्रमुख ) एवं महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल संग गाजियाबाद महानगर के वैशाली वार्ड 76 के बूथ संख्या 699 पर बूथ अध्यक्ष शिवानी सोलंकी, बूथ पन्ना प्रमुखों, कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय नागरिकों के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 121वें संस्करण को सुना और उसका व्यापक विश्लेषण किया।

प्रदेश अध्यक्ष चौधरी ने प्रधानमंत्री मोदी के संबोधन का स्वागत करते हुए कहा कि मन की बात न केवल संवाद का माध्यम है, बल्कि यह देशवासियों के जज्बे, उनके विचारों और आकांक्षाओं का प्रतिबिंब भी है। प्रधानमंत्री का संबोधन जन-जन को प्रेरित करने वाला है और राष्ट्र निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कड़ी बन चुका है। पहलगाम में हुई कायराना आतंकी घटना पर गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए श्री चौधरी ने कहा कि देश विरोधी ताकतों को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने देश के दुश्मनों को माटी में मिलाने की जो हुंकार भरी है, वह केवल शब्द नहीं, बल्कि मजबूत इच्छाशक्ति का प्रतीक है। भारत आतंक के खिलाफ निर्णायक लड़ाई लड़ रहा है और इसका परिणाम देशवासियों को शीघ्र ही देखने को मिलेगा।

चौधरी ने कहा कि मोदी सरकार आतंकवाद के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति पर दृढ़ता से काम कर रही है और हर हमले का करारा जवाब दिया जाएगा।

उन्होंने उपस्थित कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि वे प्रधानमंत्री के विचारों को जन-जन तक पहुँचाएं और देशहित में हर प्रयास को और अधिक गति दें। कार्यक्रम के दौरान मंडल के कार्यकर्ताओं और स्थानीय नागरिकों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। सबने प्रधानमंत्री के मन की बात को गहनता से सुना और उनके संदेशों को आत्मसात करने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष विनीत त्यागी, पार्षद गौरव सोलंकी, राजकुमार भाटी, आशीष चौधरी, संदीप चौधरी, राम त्यागी, राखी गर्ग, संजीव झा आदि लोग उपस्थित रहे।

# श्रीमहंत नारायण गिरि महाराज चार दिवसीय धर्मयात्रा के लिए महाराष्ट्र रवाना हुए

## महाराजश्री 28 अप्रैल से 5 मई तक होने वाले जगदगुरू जनशांति धर्म सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप भाग लेंगे



### धर्म सम्मेलन में महानिर्वाणा पीठाधीश्वर आचार्य स्वामी विशोकानंद भारती महाराज, जगदगुरू शंकराचार्य नरेंद्रानंद सरस्वती महाराज सुमेरूपीठ वाराणसी, श्रीमहंत हरि गिरि महाराज, श्रीमहंत प्रेम गिरि महाराज भी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे

**गाजियाबाद, करंट क्राइमः** सिद्धपीठ श्री दूधेश्वर महादेव मंदिर गाजियाबाद के पीठाधीश्वर, पंच दशनाम जूना अखाड़ा के अंतर्राष्ट्रीय प्रवक्ता व दिल्ली संत महामंडल के अध्यक्ष श्रीमहंत नारायण गिरि महाराज चार दिवसीय धर्मयात्रा के लिए महाराष्ट्र रवाना हो गए।

महाराजश्री महाराष्ट्र के संभाजीनगर जिले में 12 वें ज्योर्तिलिंग श्री घुश्मेश्वर जिसे घृष्णेश्वर भी कहा जाता है के पास स्थापित श्री संत जनार्दन स्वामी, मौन गिरि महाराज आश्रम में 28 अप्रैल से 5 मई तक होने वाले जगदगुरू जनशांति धर्म सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेंगे। जगदगुरू जनशांति धर्म सम्मेलन का आयोजन हर वर्ष निष्काम कर्मयोगी शिवयोगी जगदगुरू स्वामी जनार्दन स्वामी जिन्हें मौन गिरि महाराज के नाम से भी जाना है, के उत्तराधिकारी आध्यात्म शिरोमणि जगतगुरू स्वामी शांति गिरि महाराज की प्रेरणा से हो रहा है।

सम्मेलन में 28 अप्रैल को महानिवार्णापीठाधीश्वर श्री श्री 1008 आचार्य श्री स्वामी विशोकानंद भारती महाराज हरिद्वार मुख्य अतिथि होंगे। 29 अप्रैल को सिद्धपीठ श्री दूधेश्वर महादेव मंदिर गाजियाबाद के पीठाधीश्वर, श्री पंच दशनाम जूना अखाड़ा के अंतर्राष्ट्रीय प्रवक्ता व दिल्ली संत महामंडल के अध्यक्ष श्रीमहंत नारायण गिरि महाराज मुख्य अतिथि होंगे।

30 अप्रैल को महामंडलेश्वर आचार्य स्वामी प्रणवानंद सरस्वती महाराज व अखिल भारतीय संत समिति महाराष्ट्र के अध्यक्ष गोपाल चौतन्य महाराज धर्म सम्मेलन को सम्बोधित करेंगे। मई को जगदगुरू शंकराचार्य नरेंद्रानंद सरस्वती महाराज सुमेरूपीठ वाराणसी मुख्य अतिथि रहेंगे।

2 मई को श्री श्री 1008 शंकरानंद सरस्वती महाराज व श्रीमहंत गणेशानंद सरस्वती महाराज मुख्य अतिथि के रूप में शामिल रहेंगे। 3 मई को श्री श्री 1008 यतीनंद्रागिरि महाराज रूडकी हरिद्वार व श्री पंच दशनाम जूना अखाडा के वरिष्ठ सभापित श्रीमहंत प्रेम गिरि महाराज मुख्य अतिथि होंगे। 4 मई को श्री पंच दशनाम जूना अखाडे के अंतर्राष्ट्रीय संरक्षक व अखिल भारतीय अखाडा परिषद के महामंत्री श्रीमहंत हरि गिरि महाराज मुख्य अतिथि होंगे। 5 मई को श्रीमद जगदगुरू शांति गिरि महाराज मुख्य अतिथि रहेंगे। श्रीमहंत नारायण गिरि महाराज ने बताया कि राष्ट्रसंत सद्गुरु जनार्दन स्वामी मौनगिरी महाराज बाबाजी सिद्धासन में 18 घंटे तक तपस्या करते थे, जिसके परिणामस्वरूप भगवान शिव साक्षात बाबाजी के सामने प्रकट हुए। अपने पूरे जीवन में बाबाजी ने शिव भक्ति का प्रचार और प्रसार किया। 16 वर्षों की कठोर तपस्या के बाद उन्हें पिंडी के माध्यम से तीन बार भगवान शिव के दर्शन हुए। वे सदैव लोक कल्याण के प्रति समर्पित रहे। उनके उत्तराधिकारी आध्यात्म शिरोमणि जगतगुरू स्वामी शांति गिरि महाराज उनके कार्यो को आगे बढाते हुए पूरे विश्व में भारतीय संस्कृति व सनातन धर्म का प्रचार-प्रसार कर रहे हैं।

# पार्षद कविता प्रवीण भाटी ने आतंकी हमले के विरोध में निकाला कैंडल मार्च



**साहिबाबाद, करंट क्राइम।** वार्ड 83 साहिबाबाद में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए जघन्य आतंकवादी हमले के विरोध में साहिबाबाद व्यापार मंडल ने आक्रोश व्यक्त करते हुए कैंडल मार्च निकाला। व्यापार मंडल ने श्याम पार्क एक्सटेंशन स्थित हनुमान मंदिर से लेकर जिंदल मार्केट पुलिस चौकी तक शांतिपूर्ण मार्च निकालकर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान साहिबाबाद व्यापार मंडल अध्यक्ष प्रवीण भाटी ने कहा कि पूरा व्यापारी वर्ग इस दुख की घड़ी में देश के साथ खड़ी है और सभी की यही भावना है कि पाकिस्तान से इस कायराना हरकत का बदला लिया जाना चाहिए। इस अवसर पर वार्ड 83 पार्षद कविता प्रवीण भाटी, अशोक गुप्ता आटे वाले, विकास चुघ, अनिल जुल्का, कपिल मल्होत्रा, विकास गोयल, राजीव भसीन, मुकेश शर्मा, मधुसूदन शर्मा, हर्ष मिश्रा, पवन भाटी, सौरभ चौधरी, इन्द्र शर्मा, उज्जवल शर्मा, अमित शर्मा, अमित भसीन, सपना शर्मा, अनिल अग्रवाल, जयानंद, नकुल दीक्षित, कर्मवीर नागर, बृजेश जादौन, राजपाल कौशिक, देवेंद्र नागर, मास्टर प्रवीन शर्मा, दीपक गुप्ता, चेतन त्यागी, गणेश जयसवाल, हीरालाल, मनोज, किशन, हर्षवर्धन, ललित, अमित धामा, संजीव खारी, भारत त्यागी, नरेंद्र चौधरी, नितिन शर्मा, सुशील शर्मा, मनोज शर्मा, राजू, रामनिवास गर्ग, अमित शर्मा, राजीव निझावन, महिपाल बैसला, हिमांशु शर्मा एवं सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# जीडीए में बनेगा पहल काउंटर, जनता को मिलेगा अपनी समस्याओं का समाधान

### साथ ही आफलाइन मोड मे चालान से पैमेंट की सुविधा



पहल हेल्प डेस्क व चालान काउंटर के लिए जनसम्पर्क कार्यालय का निरीक्षण किया गया।

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) आम जनता की सुविधा के लिए एक और महत्वपूर्ण कदम उठाने जा रहा है। जीडीए उपाध्यक्ष श्री अतुल वत्स के निर्देशानुसार, अब जीडीए के पीआरओ कार्यालय में विशेष पहल काउंटर स्थापित किया जा रहा है।

यह काउंटर नागरिकों को पहल पोर्टल से जुड़ी सेवाओं का सरल और त्वरित लाभ देने के उद्देश्य से बनाया जा रहा है। इस पहल से जनता का जीडीए कार्यालय के अनावश्यक चक्कर खत्म करके पहल से जुड़ी सभी समस्याओं का एक विंडो पर सभी समाधान और डिजिटल सेवा का सहज अनुभव मिलेगा। पहल पोर्टल पूरी तरह से लॉन्च के लिए तैयार है। मंगलवार को इसका प्रजेंटेशन उपाध्यक्ष श्री अतुल वत्स के समक्ष प्रस्तुत किया गया, और बुधवार को कौशांबी के कार्यक्रम में इसका विस्तृत परिचय कराया गया। अब आगामी बोर्ड बैठक मे इसका प्रस्ताव माननीय बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत किया जायेगा।

जनता को मिलेंगी ये मुख्य सुविधाएं : प्रॉपर्टी की जानकारी ऑनलाइन, एनओसी के लिए डिजिटल आवेदन, किस्तों का ऑटोमैटिक रीशेड्यूलिंग, पहल काउंटर से मिलेगी अतिरिक्त सहायता। २जिन नागरिकों को पोर्टल के उपयोग में तकनीकी या अन्य किसी प्रकार की सहायता की आवश्यकता होगी, वे सीधे जीडीए पीआरओ कार्यालय में स्थापित पहल काउंटर पर संपर्क कर सकेंगे। यहाँ प्रशिक्षित स्टाफ त्वरित समाधान प्रदान करेगा। उपाध्यक्ष अतुल वत्स ने कहा, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण तकनीक के माध्यम से नागरिकों को सुगम, पारदर्शी और भरोसेमंद सेवाएं प्रदान करने के लिए नई योजनाएं बना रहा है। पहल पोर्टल और पीआरओ कार्यालय में बनने वाला पहल काउंटर इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो जनता के अनुभव को पूरी तरह से बदल देगा।

# प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड ने होटल, मॉल व अन्य प्रतिष्ठानों पर करोड़ों का जुर्माना लगाया

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (यूपीपीसीबी) ने हाल ही में राष्ट्रीय हरित अधिकरण को अनुपालन स्थिति रिपोर्ट सौंपी है, जिसमें गाजियाबाद में मॉल, होटल, बैंक्वेट और रेस्टोरेंट समेत कई आतिथ्य इकाइयों के खिलाफ कार्रवाई करने का उल्लेख किया गया था। यह पिछले साल अगस्त में जलवायु कार्यकर्ता प्रसून पंत और प्रदीप दहलिया की याचिका पर राष्ट्रीय हरित अधिकरण के आदेश के अनुपालन में किया गया था। यह याचिका वर्ष 2023 में दायर की गई थी और जिसमें एनजीटी ने निर्देश दिया था कि यदि आतिथ्य प्रतिष्ठानों द्वारा पिछले साल दिसंबर तक आवश्यक पर्यावरणीय सहमति नहीं ली जाती है, तो यूपीपीसीबी को कार्रवाई करनी होगी।

कार्यकर्ताओं ने अपने मूल आवेदन में गाजियाबाद में 21 बड़े मॉल, होटल, बैंक्वेट और रेस्टोरेंट के बारे में शिकायत की थी, जिनके पास अपेक्षित पर्यावरणीय सहमति नहीं थी। हालांकि, बाद में एनजीटी ने जांच का दायरा कई और ऐसे आतिथ्य प्रतिष्ठानों तक बढ़ा दिया। यूपीपीसीबी ने हाल ही में एनजीटी को सौंपी अपनी अनुपालन स्थिति रिपोर्ट में कहा है कि 23 आतिथ्य प्रतिष्ठानों के संबंध में डीएम की संयुक्त समिति ने बिजली और पानी की आपूर्ति काटकर सीलिंग अभियान चलाया था। खोरा कॉलोनी स्थित होटल सोहो और सिकंदरपुर स्थित पार्टी शाइन को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है, जो खाली पाया गया।

स्थिति रिपोर्ट में कहा गया है कि स्वाद-ए-पंजाब रेस्टोरेंट, राजेंद्र नगर को एक और कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है, जबकि क्रॉसिंग रिपब्लिक स्थित पिंड बलूची को उस पर लगाए गए पर्यावरणीय दंड के खिलाफ स्थगन दिया गया है।

प्रसून पंत के अनुसार, 36 लोगों की न्यूनतम बैठने की क्षमता वाले रेस्तरां, होटल, मॉल, बैंक्वेट और मैरिज हॉल सहित सभी आतिथ्य प्रतिष्ठानों को पर्यावरण मानदंडों का पालन करना आवश्यक है, जैसे कि जल अधिनियम और वायु अधिनियम के तहत सहमति और अपशिष्ट प्रबंधन अनुमति, भूजल अनुमति और डीजी सेट स्थापित करने की अनुमति।





▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि जब थी थाने पर भीड़ जुटी? तब क्रान्तिकारी त्यागी जी बन कर टीटी बजा रहे थे जबरदस्त तरीके से विरोध वाली सीटी? हम देख रहे थे भगवा कमांडर उनके इस रोद्र रूप से हो रहे थे हैरान? चार लोगों को दिया उन्होंने क्रान्तिकारी को कंट्रोल करने का काम? मगर क्रान्तिकारी तो क्रान्तिकारी हैं, उनके तेवर तो अभी तक जारी हैं? सुना है वो अभी भी कह रहे हैं खुलकर शब्द? जो पड़ रहे खाकी वालों पर भारी हैं?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हम थे थाने पर मौजूद? हमें डान्सिंग जैक भगवा झा का दिख रहा था कुछ अलग ही रूप? उनके चेहरे पर दिखाई दे रहा था क्रान्ति वाला तेज? हम देख रहे थे वो भगवा योद्धा के जिंदाबाद वाले नारों को दे रहे थे अपने शब्दों में स्पेस? कहने वाले ने कहा इस मौके पर भी तलाशने वाले तलाश रहे थे मिस्टर झा की महत्वाकांक्षा तलाश? कह रहे थे मौके पर तो भगवा कमांडर भी मौजूद थे? मगर उनके मुख से सुनाई दे रही थी योद्धा के लिए ही जिंदाबाद?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हम बैठे थे कार्यकर्ताओं के बीच में? वहां पर छू रहा था भगवा पहलवान का गुस्सा आसमान? वो कह रहे थे अगर नहीं मिला धीरज को इंसाफ? तो हम अपना धीरज त्याग कर दे देंगे जान? फिर अचानक आया पुलिस कर्मियों के सस्पेंशन वाला लैटर बाहर? फिर कहीं जाकर थमे मिस्टर पहलवान के उद्गार? उन्होंने कहा ये सस्पेंशन तो सिर्फ अंगड़ाई है? जब तक नहीं होती है खाकी वालों पर एफआईआर दर्ज? तब तक लड़नी अपने धीरज के लिए लड़ाई है?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हम बैठे थे मंडल वाले कार्यकर्ताओं के साथ? उनके दिल से बाहर आ रहे थे जज्बात? कह रहे थे भगवा योद्धा द्वारा आयोजित कार्यक्रमों की तो मिलती है डॉयरेक्ट सूचना? हमारा है उनको दिल से धन्यवाद? मगर हम पहुंचाना चाहते हैं उन तक अपने मन की बात? जो कार्यक्रम मंडल में होते हैं, उसकी सूचना का कई मंडल कमिश्नर, हमें होने नहीं देते हैं एहसास? कर रहे हैं वो ऐसा करके हमारी राजनीति को कमजोर? हम चाहते हैं भगवा योद्धा एक बार देखें इस ओर?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि बहुत ही जबरदस्त तरीके से हुई थी मन की बात को सुनने की तैयारी? सुना है सौंपने वालों ने सौंपी थी युवा चौधरी को जलपान की जिम्मेदारी? मगर कार्यक्रम में उम्मीद से ज्यादा भीड़ आ गई भारी? खाने की व्यवस्था पड़ गई कम? चिंताएं बढ़ गई बहुत सारी? सुना है यहां पर भगवा सौलंकी ने निभाया फिर अलग ही किरदार? कर दी उन्होंने तुरंत 150 समोसों की व्यवस्था? कुछ इस तरह से खाने वाले सिस्टम का हुआ फिर बेड़ा पार?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हम आजकल देख रहे हैं हैवीवेट वाले मंत्री सुनील शर्मा जी कुछ ज्यादा ही दिखा रहे हैं भगवा योद्धा मयंक भैया से प्यार? जब भी कोई कार्यक्रम होता है तो वो कर देते हैं योद्धा के सम्मान में तारीफों की बौछार? हम थे मन की बात के कार्यक्रम में मौजूद? यहां पर 45 दिनों के कार्यक्रमों का हिसाब लेकर बैठे हुए थे मंत्री जी खूब? कह रहे थे 45 दिनों में 45 से ज्यादा सफल कर चुके हैं भगवा योद्धा प्रोग्राम? जब से उन्हें मिला है अध्यक्ष वाला पद? तब से वो मजबूती से संभाल रहे हैं संगठन की कमान?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि मन की बात वाले कार्यक्रम में ना जाने किसने शुरू की कहानी? कहने वाला बोला चाय छोड़ों हमने मंगा लिया हैं नारियल पानी? हमने देखा ये चेहरा दिख रहा था भगवा योद्धा को नारियल पानी पिलाने के लिए बेकरार? मगर इसने जिस चेहरे को सौंपी थी कोकोनेट का वॉटर लाने की जिम्मेदारी? वो निर्देश मिलने के बाद दिखाई ही नहीं दिया यार? भगवा योद्धा को होना था और भी कई कार्यक्रमों में शरीक? इसलिए वो कार्यक्रम में चले गये बिना किये कोई इंतजार?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवा गौतम का बहुत ही सुशील दिखता है हमें पार्टी में किरदार? उनकी धीमी बोली और चेहरे पर मुस्कुराहट कुछ इसी तरह से पेश करती है उनका व्यवहार? कहने वाले ने कहा मगर धीरज भैया के मैडिकल के दौरान सुशील भैया का हमने पहली बार देखा रोद्र रूप? सुशीलता से क्रान्तिकारी वाले मोड की ओर बदल चुका था उनका रूप? उन्होंने हॉस्पिटल में छेड़ी जबरदस्त क्रान्ति? हैरान थे उनके साथ वाले? बस ना जाने कैसे लाये उनके अंदर शांति?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हम आपको ये बात नहीं चाहते थे बताना? मगर चाबी खो जाने वाले त्यागी जी से और भगवा झा भैया से पूछो कि मारने वाले ने कैसे मारा उनको ताना? सुना है वो लगातार इन तानों को कर रहे है हजम? रोज सह रहे हैं वो ताने वाले शब्दों का सितम? कहने वाले ने कहा अभी तो बहुत दिन बाकी हैं? धीरे धीरे इन बातों की उनको आदत पड़ जायेगी सनम?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हमें 100 प्रतिशत लग गई है इस बात की जानकारी? सुशील भैया नहीं खेलना चाह रहे हैं इस बार संगठन में पारी? कहने वाले ने कहा कि अगर इस बार भी चूक गये चौहान? फिर ये बात कर देगी हमको बहुत ज्यादा हैरान? कहने वाले ने कहा दलित कोटे में इस वक्त उनसे ज्यादा मौजूद नहीं हैं कोई भी मजबूत दावेदार? ऐसे में होगी हमको उस वक्त बहुत ज्यादा हैरानी? अगर नहीं हुआ इनके नाम पर विचार?

**नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**

# राष्ट्रीय व्यापार मंडल ने 'वन नेशन - वन इलेक्शन' के समर्थन में महामहिम राष्ट्रपति के नाम भेजा हस्ताक्षरित पत्र











**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राष्ट्रीय व्यापार मंडल (रजि.) के तत्वावधान में 'एक राष्ट्र एक चुनाव' के समर्थन में 'व्यापारी समागम विचार गोष्ठी' का भव्य आयोजन रविवार को केजी 35, कविनगर, गाजियाबाद में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी व्यापारियों द्वारा हस्ताक्षरित ज्ञापन महामहिम राष्ट्रपति के नाम महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल, विधायक अजीत पाल त्यागी तथा समन्वयक सरदार एसपी सिंह को सौंपा गया। मुख्य अतिथि भाजपा गाजियाबाद महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल रहे, जबकि अति विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक अजीत पाल त्यागी (मुरादनगर विधानसभा) ने सहभागिता की। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ भाजपा नेता पंडित अशोक भारतीय ने सधे हुए अंदाज में किया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि मयंक गोयल, अति विशिष्ट अतिथि विधायक अजीत पाल त्यागी, समन्वयक सरदार एसपी सिंह, राष्ट्रीय व्यापार मंडल के राष्ट्रीय सचिव प्रदीप चौधरी, कार्यक्रम के संचालक पंडित अशोक भारतीय, कार्यक्रम संयोजक एवं राष्ट्रीय व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष बालकिशन गुप्ता सभी ने विचार व्यक्त किए।

इस अवसर पर वन नेशन वन इलेक्शन के समन्वयक सरदार एसपी सिंह, सरदार जौली एवं राष्ट्रीय सचिव प्रदीप चौधरी, जिलाध्यक्ष व्यापार मंडल बालकिशन गुप्ता, डॉक्टर विनीता त्यागी, अजय सिंघल, एसके चौधरी, पार्षद राजकुमार नागर, पूर्व पार्षद हिमांशु मित्तल, सौरभ यादव, आशु पंडित आदि व्यापारीगण उपस्थित रहे।

## चिन्टू जी





गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे







गाजियाबाद (करंट क्राइम)। पिता और पुत्र की भावनाएं एक दूसरे के प्रति आंतरिक होती हैं। मगर कई बार ऐसे उपलक्ष्य आते हैं जब एक पुत्र अपने पिता के प्रति भावनाओं का खुलकर इजहार भी करता है। कुछ ऐसा ही मौका उस वक्त आया जब भाजपा नेता पवन गोयल ने अपने पिता श्री फतह चंद गोयल के जन्मदिन पर अपनी भावनाओं का इजहार किया। उनके दीर्घ आयु होने की कामना करते हुए उनके बताये हुए मार्ग पर चलने की कामना की। पिता के प्रति पुत्र की यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।